


उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# बदायूँ अमर प्रभात

बदायूँ, रविवार, 21 अप्रैल, 2024 | विश्वास 40 वर्ष का | वर्ष 41 अंक 270 मूल्य : रुपये 3-00 पृष्ठ-08





विनेश फोगाट से मानसी तक... 4 महिला पहलवान 'पेरिस' से सिर्फ एक कदम दूर

रेलवे ट्रेक पर मिला युवक का शव, परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप

3 दिन से लापता 3 वर्षीय माही के परिजन पहुंचे एसएसपी ऑफिस एकी बरामदगी की मांग



बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद, www.budaunamarprabhat.com संभल, मुरादाबाद, रामपुर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, हाथरस, आगरा अलीगढ़ में प्रसारित




# बदल रहा है भारत और आगे बढ़ रहा है...

**सीजेआई बोले-**

- **नए क्रिमिनल लॉ समाज के लिए ऐतिहासिक**

**ये तभी सफल होंगे, जब जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे**

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने तीन नए आपराधिक कानूनों को ऐतिहासिक बताया। सीजेआई ने ये भी कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव के लिए तैयार है। ये बदलाव तभी सफल होंगे, जब जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे। सीजेआई के मुताबिक, इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। ये ऐतिहासिक इसलिए हैं, क्योंकि कोई भी कानून क्रिमिनल लॉ जैसा रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित नहीं



करता। सीजेआई ने दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस इंडियाज प्रोग्रेसिव पाथ इन द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मेहता मौजूद थे। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता इस साल एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इन कानूनों के बिल को संसद ने 21 दिसंबर 2023 को पास कर दिया था। 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन करने के बाद ये तीनों बिल कानून बन गए थे। भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली ने हमारे सामाजिक-आर्थिक परिवेश में हुए तकनीकी बदलावों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। न्याय प्रणाली ने समाज में होने वाले अपराधों के तरीकों की एक बार फिर से कल्पना की है। तकनीकी और नए युग के अपराध के बढ़ते दायरे, जो अपराध करने और नेटवर्कबनाने के लिए डिजिटल का इस्तेमाल करते हैं, इन्हें जांच की स्थिति में नहीं रखा जा सकता। इन चीजों ने अपराधों की जांच, सबूत और अभियोजन (प्रॉसीक्यूशन) के साथ-साथ न्याय देने में चुनौतियां पेश की हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## कांग्रेस को एक बार फिर लगा तगड़ा झटका

- **अब हिमाचल के सह प्रभारी तजेंद्र सिंह बिट्टू ने दिया इस्तीफा**

शिमला (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी तजेंद्र सिंह बिट्टू ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को त्यागपत्र भेजकर



हिमाचल के सह प्रभारी के साथ साथ एसीसी सेक्रेटरी पद से भी इस्तीफे दे दिया। बिट्टू ने दिल्ली में बीजेपी का दामन थाम लिया है। बीजेपी जॉइन करने के बाद तजेंद्र सिंह ने कहा कि मैंने लगभग 35 साल कांग्रेस पार्टी में बिताए हैं और आज मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गई है। मैं किसी के खिलाफ नहीं बोलना चाहता। पंजाब की भलाई के लिए मैं बीजेपी में शामिल हुआ हूं। बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर बिट्टू ने कहा बीजेपी को मैंने स्टडी किया है। मैं पीएचडी होल्डर हूं और मैं रिसर्च करते रहता हूं। पंजाब में बीजेपी विकास कर सकती है।

## जेल में केजरीवाल संकट में फंसी पार्टी

### डिप्टी मेयर के चुनाव में बढ़ी टेंशन,दो पार्षद हुए बागी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में है। इधर मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी में पार्षदों की बगावत भी शुरू हो चुकी है। आप के दो बागी पार्षदों, मंगलापुरी वार्ड से नरेंद्र कुमार और त्रिलोकपुरी वार्ड से विजय कुमार ने एमसीडी डिप्टी मेयर पद के लिए होने वाले आगामी चुनाव में अपनी उम्मीदवारी बरकरार रखने का फैसला किया है। चुनाव 26 अप्रैल को होने वाला है। शुक्रवार शाम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विजय कुमार ने कहा, मैंने



नामांकन दाखिल कर दिया है, चुनाव लड़ूंगा और जीत भी हासिल करूंगा। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरे परिवार पर दबाव न डालें। आप लोग लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन पार्टी में कोई लोकतंत्र नहीं है। शुक्रवार की सुबह भी उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, नामांकन दाखिल करना मेरा व्यक्तिगत फैसला है, और मैं अनुरोध करता हूं कि मेरे परिवार को राजनीति में न घसीटे। जनता की सेवा और राजनीति करना मेरा काम है। मेरे घर के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं, आप कभी भी आ सकते हैं, लेकिन मैं फिर से अनुरोध करता हूं कि मेरे परिवार पर किसी तरह का दबाव न डालें।

# खूब छूटने वाले हैं पसीने! तापमान पहुंचा '43' पार

**एमपी-छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में हीटवेव**

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को 12 राज्यों में हीटवेव (लू) चलेगी। इनमें बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात और तमिलनाडु शामिल हैं। यहां हीटवेव की स्थिति 3 से 4 दिनों तक जारी रहेगी।





इन राज्यों के 17 शहरों में शुक्रवार को दिन का तापमान 43 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 17 राज्य में बारिश का अनुमान भी लगाया है। इनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। आईएमडी ने बताया कि 2024 में 106 फीसदी यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। यानी मानसून सीजन में कुल इतनी बारिश होनी चाहिए। वेदर एजेंसी स्काईमेट ने मंगलवार 9 अप्रैल को बताया कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में औसत या सामान्य बारिश होगी। मौसम विभाग 96 से 104 फीसदी के बीच बारिश को औसत या सामान्य मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। मध्यप्रदेश में अगले 3 दिन बारिश होने के आसार हैं।

## रामनवमी हिंसा में नप गए बंगाल के 2 पुलिस अफसर

- मुर्शिदाबाद और पूर्वी मेदिनीपुर में हुई थी हिसा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाले जाने के दौरान हुई हिंसा को रोकने में कथित तौर पर नाकाम रहने को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने सफल रहने पर शुक्रवार को दो पुलिस थानों के प्रभारियों को निलंबित कर दिया। चुनाव आयोग के अनुसार, निर्देशों के बावजूद शक्तिपुर और बेलडांगा पुलिस थानों के प्रभारी ''धार्मिक हिंसा'' को रोकने में विफल रहे। एक अधिकारी ने बताया, ''दोनों अधिकारी जिला पुलिस मुख्यालय में रहेंगे और चुनाव संबंधी कोई भी कार्य नहीं कर पाएंगे। संबंधित अधिकारियों को दोनों अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से उनके स्थान पर नियुक्ति के लिए नाम भेजने को कहा है। रामनवमी के अवसर पर केवल मुर्शिदाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में भी हिंसक झड़प देखने को मिली थी। यहां पर हुई हिंसा में तकरीबन 4 लोग घायल हो गए। बीजेपी ने आरोप लगाया कि शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए गए। पुलिस को भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस के गोले भी दागने पड़े थे। यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के पांच कार्यकर्ताओं को अरेस्ट किया गया है।

## सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे

**राहुल गांधी बोले-हिंदुस्तान को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए**

भागलपुर (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भागलपुर में जनसभा की। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बात करते हैं, इतनी सीटें आएंगी,



उतनी सीटें आएंगी, लेकिन मैं कहता हूं- एनडीए को 150 से ज्यादा सीट नहीं आएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे। देश को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए। राहुल गांधी के 12 मिनट के भाषण में उनका जोर रोजगार पर था। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो किस तरह की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि जो पैसा मोदी सरकार ने अमीरों में बांटा वो हमारी सरकार बनी तो गरीबों को देंगे। भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में राहुल की सभा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल हुए। तेजस्वी यादव ने अपने 3 मिनट के भाषण में कहा कि 400 पार की फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। पहले और दूसरे फेज में हम जीत रहे हैं। उन्होंने पूर्णिया से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के पक्ष में भी प्रचार किया। बता दें कि भागलपुर से इस सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अजीत शर्मा हैं। यहां उनका मुकाबला जेडीयू प्रत्याशी और सीटिंग सांसद अजय कुमार मंडल से है।

# जैसे अमेठी छोड़कर भागना पड़ा, वैसे वायनाड छोड़कर भागेंगे

**नांदेड़ में पीएम मोदी बोले-राहुल को वायनाड में भी दिख रहा संकट**

नांदेड़ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली की जहां उन्होंने पहले चरण में वोट देने वालों को धन्यवाद दिया। पीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है। जैसे वे अमेठी छोड़कर भागे हैं, उन्हें वायनाड छोड़कर भी भागना पड़ेगा। नांदेड़ के बाद पीएम मोदी ने परभणी भी जनसभा की। यहां उन्होंने कहा, 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहा था, तब आतंकी हमलों के डर, आए दिन बम धमाके की खबरें छाई रहती थीं। 5 साल बाद 2019 में सीमा पार से होने वाले हमलों की चर्चा बंद हो गई और सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा होने लगी। ये तो मोदी है, घर में घुसकर मारता है। हर जगह यही चर्चा होने लगी। पीएम



मोदी ने आगे कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक की बात सुनकर शौर्य की ये धरती महाराष्ट्र भी गर्व से भर गई थी। हिंदुस्तान के हर नागरिक को इस पर गर्व हुआ था। एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। हमारी सरकार हर जाति, पंथ के लिए काम करती है। पीएम ने कहा कि 4 जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा। एक दूसरे के बाल नोंचने वाले हैं। आप बताईए कोई भी समझदार नागरिक इनके लिए वोट करेगा क्या। मैं मतदाताओं को कहता हूं कि आइए जी-भरकर एनडीए को वोट दीजिए। एनडीए को वोट करना है। आज भी एनडीए सरकार गरीब के लिए कोई काम करती है।

## रामनवमी पर मुकेश के बेटे अनंत ने किया 'दिल' जीतने वाला काम

- पुरी के जगन्नाथ और गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर को दान किए 5 करोड़

मुंबई (एजेंसी)। मुकेश अंबानी की तरह उनके छोटे बेटे अनंत अंबानी भी दान से जुड़ी चीजें करते रहते हैं। अभी हाल ही में उनकी शादी के दौरान एक इंटरव्यू लिया गया था, जिसमें उन्होंने जानवरों से प्यार और उनके लिए हर संभव चीज करने की जो बात कहीं गई थी, वो देश के हर बच्चे को पसंद आई थी और अब फिर से उन्होंने एक ऐसा काम किया है, जिसकी वजह से वो खबरों में छाए हुए हैं। रामनवमी के मौके पर अनंत



अंबानी ने दान पुण्य का काम किया था, और वो भी कहीं ऐसी-वैसी जगह नहीं बल्कि भारत के दो मशहूर मंदिरों में। एक रिपोर्ट के अनुसार, अनंत अंबानी बीती रात पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। ऐसा कहा जा रहा है कि उन्होंने इस मंदिर में 2.51 करोड़ रुपए की राशि दान में दी है। इसके बाद वो असम के लिए रवाना हुए थे। जहां उन्होंने कामाख्या देवी की दर्शन किए और यहां भी उन्होंने कामाख्या देवी के दर्शन किए जहां उन्होंने 2.51 करोड़ का दान दिया। हालांकि इसका कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं है कि उन्होंने डोनेशन कितना दिया है।

## सिसोदिया ने चुनाव प्रचार के लिए मांगी जमानत

- **सीजेआई बोली- कोर्ट ने इन्हें मास्टरमाइंड मान**

नई दिल्ली (एजेंसी)। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़ी सीबीआई और ईडी केस में रेगुलर जमानत की मांग वाली मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा से कहा कि सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट ने सिसोदिया को केस का मास्टरमाइंड माना है। वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं।



सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन इसे वापस ले लिया। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी ने 9 मार्च 2023 को एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था।

## उत्तराखंड में हुआ 55.89 प्रतिशत मतदान, स्क्रूटनी के बाद बढ़ सकते आंकड़े: निर्वाचन अधिकारी

देहरादून। उत्तराखंड के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने शनिवार अपराह्न कहा कि राज्य की 05 लोकसभा सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। राज्य में अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 55.89 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियों के पहुंचने और स्क्रूटनी के बाद मतदान प्रतिशत का पूरा आंकड़ा प्राप्त हो जायेगा।

श्री जोगदंडे ने बताया कि अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, अल्मोड़ा लोक सभा सीट पर 46.94 प्रतिशत, गढ़वाल लोक सभा सीट पर 50.84 प्रतिशत, हरिद्वार लोकसभा सीट पर 63.50 प्रतिशत नैनीताल-उधमसिंह नगर सीट पर 61.35 और टिहरी गढ़वाल सीट पर 52.57 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि 27 हजार, 139 मतदान कार्मिकों और पुलिस कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया है। उन्होंने कहा कि 12 हजार 670 ऐसे मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान



किया है, जो 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, दिव्यांग मतदाता और आवश्यक सेवा वाले विभागों से जुड़े कार्मिक हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 93 हजार 187 सर्विस वोटर भी हैं। जिन सर्विस वोटरों के मतगणना दिवस तक प्रातः 08 बजे तक डाक मतपत्र आरओ तक पहुंच जायेंगे, उन सभी को मतगणना में शामिल किया जायेगा। अभी तक 3377 सर्विस वोटरों के डाक मतपत्र संबंधित जिला मुख्यालयों तक पहुंच चुके हैं।

## – : वेदोपदेश :–

**ओइम यो भूतं च भव्यं च सर्वं यश्चाधितिष्टठाति।**
**स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नम:।।**

भावार्थ :– हे विज्ञानानन्द स्वरूप परमात्मन् आप तीनों कालों और इनमें होने वाले सब पदार्थों के ज्ञाता, अधिष्ठाता, उत्पादक, पालक, प्रलयकर्त्ता, सुखस्वरूप और सुखदायक हो, ऐसे जगद्वन्द्य जगत् पिता आप परमेश्वर को प्रेम से हमारा बारम्बार प्रणाम हो।

# सम्पादकीय

## युद्ध की आशंका बढ़ी

गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के दूतावास को इजराइल ने ड्रोन हमले से ध्वस्त कर दिया था। उसमें ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के दो जनरल समेत कुछ अन्य लोग मारे गए थे। उसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। इसके बाद से ही इजराइल के जवाबी कार्रवाई की आशंका बनी हुई थी। अब इस्फ्हान पर इजराइली ड्रोन हमले की खबर से साफहै कि हालात नाजुक हो सकते हैं। हालांकि ईरान ने ऐसे किसी हमले से इनकार किया है। उसने कहा है कि वह सिर्फ ड्रोन उड़ाने की कोशिश थी, जिसे मार गिराया गया। अगर इतना भी हुआ है, तो इससे टकराव और तनाव गहरा ही होगा। यह रास्ता कहां जाता है, छिपा नहीं है।

विडंबना है कि इसमें शामिल सभी सक्रिय पक्षों को पता है कि किसी भी समस्या या विवाद का आखिरी हल बातचीत के जरिए ही निकाला जा सकता है। इसके बावजूद पहले सैन्य क्षमताओं की आजमाइश और टकराव को ही अकेला रास्ता माना जा रहा है। सवाल है कि अगर इजराइल और ईरान एक-दूसरे के ठिकानों पर हमला करते हैं, तो इससे नुकसान किसका होगा और कौन लोग नाहक मारे जाएंगे! इस टकराव के शुरुआती चरण में ही जिस तरह अलग-अलग ध्रुव बनते दिखने लगे हैंए उससे साफ है कि अगर इसका दायरा फैला तो यह तीसरे विश्वयुद्ध की शक्ल भी ले सकता है। अब तक के दो विश्वयुद्धों के जो अनुभव रहे हैं, उसमें तत्काल इस बात की जरूरत है कि संयुक्त राष्ट्र और महाशक्ति माने जाने वाले देश दखल देकर संबंधित पक्षों को बातचीत की मेज पर लाएं। युद्ध की आग और भड़की तो अत्याधुनिक तकनीकों और घातक हथियारों के इस युग में इसके नतीजे भयावह होंगे।

### विचारकण

1- बुद्धिमान मनुष्य बुढ़ापे और मृत्यु से प्रभावित हुए बिना विद्या और धन को संचय करता है।
2- सांसरिक सुख रोग उत्पन्न करता है।
3- ईश्वरीय सुख निरोगी बनाता है।
4- बुद्धि के बिना धन और आत्म कल्याण संभव नहीं है।
5- ईश्वर उपासक पहाड जैसे दुख आने पर भी घवड़ाता नहीं है।

आचार्य वेदव्रत आर्य

### आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन परोपकार में बीतेगा। कार्यक्षेत्र का माहौल आपके हित में रहेगा और आपको लाभ होगा।

**तुला** आर्थिक लाभ होगा और शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी।

**वृषभ** भाग्य का साथ मिलेगा। आपको दोपहर तक भाग्य के भरोसे हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा।

**वृश्चिक** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**मिथुन** आज आपको किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी।

**धनु** आज आपका धन खर्च अधिक होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

**कर्क** बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से मन खुश होगा। आपकी कोष की स्थिति बेहतर होगी।

**मकर** लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी।

**सिंह** आज आर्थिक लाभ का दिन है। आपके प्रयोग में आशातीत सफलता मिलेगी।

**कुंभ** अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

**कन्या** आज आर्थिक लाभ होगा। आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**मीन** दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक आचार्य वेदव्रत आर्य द्वारा वेदभानु प्रेस निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूँ से मुद्रित एवं निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ बदायूँ से प्रकाशित।
आर० एन० आई० नं०–43123/84।
डाक पंजीयन सं० G-25/Regd. / BDN-17/06-07/31.12.09
फोन नं०-05832-266581 Website -www. budaunamarprabhat.com,
E-Mail- editoramarprabhat@gmail.com

# समुद्र के सेनापति दिनेश त्रिपाठी



(मोहिता–हिफी फीचर)

वायु और थल के साथ अब समुद्र की सीमा की रक्षा करना काफी जटिल हो गया है। वायु और थल की तो सिर्फ निगरानी ही करनी पड़ती है ताकि कोई दुश्मन घुसपैठ न कर सके लेकिन समुद्र में तो अथाह सम्पदा भरी है। इस सम्पदा के लिए चीन जैसे देश समुद्र में अपनी सीमा का उल्लंघन करने की कुचेष्ठा करते रहते हैं। हमारे देश के तीन तरफ समुद्र है और चीन, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान समुद्र के तट पर हैं। सबसे ज्यादा खतरा चीन से ही है। हालांकि 26 नवम्बर को पाकिस्तान के आतंकी समुद्र के रास्ते ही मुम्बई पहुंचे थे। इसलिए सावधानी हर स्तर पर बरतनी है। चीन के लिए मालदीव जैसे टापू भी भारत के निकट अपना युद्ध कैम्प बनाने में मदद कर सकते हैं। श्रीलंका में भी घुसने की चीन ने कोशिश की थी लेकिन वहां इसका विरोध किया गया। समुद्र में सुरक्षा के अलावा पेट्रोल की खोज भी की जा रही है। लाखों लोग मछली पकड़कर अपना परिवार पालते हैं। इस प्रकार समुद्र की निगहबानी अब ज्यादा महत्वपूर्ण हो गयी है। हमारे देश में दिनेश कुमार त्रिपाठी को नया नौसेना प्रमुख बनाया गया है। उन्हें विशेष रूप से चीन की साम्राज्यवादी सोच को करारा जवाब देना है। उन्हें 30 अप्रैल 2024 को नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालना है। हालांकि भारत के पास भरपूर समुद्री ताकत है लेकिन चीन इस मामले में अब भी हमसे इक्कीस है। इसलिए नौसेना प्रमुख को समुद्री क्षेत्र की रखवाली बहुत सतर्कता से करनी होगी। आज से लगभग 400 साल पहले भारतीय नौसेना का गठन हुआ था। दुनिया की सबसे ताकतवर 10 नौसेनाओं में भारत सातवें स्थान पर है।

वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना पर्मुख होंगे। वर्तमान नौसेना पर्मुख एडमिरल आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने पर 30 अपैल को वह नया पदभार संभालेंगे। सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी वर्तमान में नौसेना के उप पर्मुख के रूप में कार्यरत हैं और एडमिरल कुमार के पद छोड़ने पर वह नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे। सरकार ने उन्हें नौसेना में शीर्ष पद पर नियुक्त करते समय वरिष्ठता क्रम का अनुपालन किया। फिलहाल कार्मिक पर्मुख के रूप में कार्यरत वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को नौसेना का अगला उप पर्मुख बनाया जा सकता है। वाइस एडमिरल त्रिपाठी का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था और एक जुलाई 1985 में वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ वाइस एडमिरल त्रिपाठी का करीब 30 वर्ष का लंबा और विशिष्ट करियर रहा है। नौसेना के उप पर्मुख का पद संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसैन्य कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं। उन्होंने आईएनएस विनाश, किर्च और त्रिशूल की भी कमान संभाली थी। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है जिनमें पश्चिमी बेड़े के बेड़ा संचालन अधिकारी, नौसेना संचालन के निदेशक, पर्मुख निदेशक, नेटवर्क केंर्दित संचालन और पर्मुख निदेशक, नौसेना योजना शामिल हैं। रियर एडमिरल के तौर पर वह ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रह चुके हैं। वह भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला के कमांडेंट भी रह चुके हैं। सैनिक स्कूल और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा के नेवल वॉर कॉलेज और अमेरिका के नेवल वॉर कॉलेज में भी कोर्स किया है। उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम) और नौसेना मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है।

एडमिरल आर हरि कुमार 30 अपैल को रिटायर होने जा रहे हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद वाईस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी नौसेना का पदभार संभालेंगे।वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम, वर्तमान में नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह 30 अपैल, 2024 की दोपहर से देश के नए नौसेना पर्मुख का पदभार संभालेंगे। भारत सरकार ने उनको नया नौसेना पर्मुख नियुक्त किया है।

हाल ही हमारे कुछ निकटतम देशों का रुख बदला है। मालदीव को भारत द्वारा उपहार में दिए गए विमान के संचालन के लिए तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों का दूसरा समूह राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग के अनुसार द्वीप राष्ट्र से रवाना हो गया है। नौ अपैल को मालदीव से रवाना होने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों के दूसरे समूह में वे भारतीय सैनिक थे जो डोर्नियर विमान का संचालन कर रहे थे। पहले यह माना जा रहा था कि द्वीप राष्ट्र से रवाना होने वाले भारतीय सैन्यकर्मी एक हेलीकॉप्टर का संचालन कर रहे थे। चीन समर्थक माने जाने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा था, पहली टीम पहले ही जा चुकी है। अब नौ अपैल को दूसरे प्लेटफॉर्म से भी सैनिक हटा लिए गए हैं। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समय सीमा तय की थी। इस प्रकार भारत के लिए मालदीव अब सुरक्षित नहीं है।

मालदीव और भारत के बीच फरवरी में हुए समझौते के तहत, नयी दिल्ली ने देश द्वारा उपहार में दिए गए सैन्य विमानों के संचालन की देखरेख के लिए मालदीव में तैनात भारतीय सैन्य कर्मियों के स्थान पर भारत से पंशिक्षित नागरिकों की तैनाती पर सहमति जताई थी। मुइज्जू ने कहा, एक ही प्लेटफार्म बचा है। जैसा कि दोनों देशों ने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, उन्हें (बाकी भारतीय सैन्य कर्मियों को) भी 10 मई से पहले वापस बुला लिया जाएगा।

मालदीव सरकार के अनुसार, 88 भारतीय सैनिक मालदीव में एक हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान को संचालित करने के लिए तैनात थे। इससे समुद्र भी सुरक्षित था।

दुनिया में सबसे ताकतवर नौसेना की बात की जाए तो 10 सबसे ताकतवर नौसेनाओं में से सातवां नंबर भारतीय नौसेना का है। करीब 400 साल पहले 1612 में भारतीय नौसेना का गठन हुआ था। तब इसे रॉयल इंडियन नेवी कहा जाता था। अभी कुछ दिनों पहले ही अरब सागर में सोमालियाई तट पर एक जहाज को समुदी लुटेरों ने बंधक बना लिया था, जिसे भारतीय नौसेना की स्पेशल फोर्स ने छुड़ा लिया है और जहाज में मौजूद सभी 21 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। भारतीय नौसेना का यह ऑपरेशन कामयाब हुआ है। दुनिया के किसी भी देश को अगर तरक्की करनी है तो फिर उसे देश की सेना का और खास तौर पर नौसेना का मजबूत होना बेहद जरूरी है भारतीय नौसेना को दुनिया की ताकतवर नौसेना में से एक माना जाता है। इसके इतिहास की बात करें तो यह करीब 400 साल पुराना है।

सन् 1612 में भारतीय नौसेना का गठन हुआ था। तब इसे रॉयल इंडियन नेवी कहा जाता था। इस सेना के पर्मुख भारत के राष्ट्रपति होते हैं। भारतीय नौसेना के पर्मुख कार्यों की बात की जाए तो इसमें परमाणु युद्ध होने से रोकना। समुदी बचाव कार्य। और अगर युद्ध हुआ तो समुर्द में मोर्चा संभालना। भारतीय नौसेना की शक्ति की बात की जाए तो नौसेना के पास दो एयरक्राफ्ट करियर हैं। भारतीय नौसेना के 11 से ज्यादा बेस हैं, जो अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पश्चिम बंगाल, आंध्र पंदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, केरल, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र, गोवा कर्नाटक और गुजरात में मौजूद हैं। भारतीय नौसेना के सबसे जरूरी काम है एम्यूनिशन सपोर्ट, लॉजिस्टिक्स, मेंटेनेंस सपोर्स, मार्कोस बेस, एयर स्टेशन, फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस, सबमरीन और मिसाइल बोट बेस आदि।

नौसेना के पास आठ टैंक लैंडिंग जहाज, 12 विध्वंसक, 12 फ्रिगेट, दो न्यूकिल्यर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन, 16 हमला सबमरीन, 22 कार्वेट, आठ लैंडिंग क्राफ्ट उपयोगिताएं, दस बड़े ऑफशोर पेट्रोलिंग शिप, पांच फ्लीट टैंकर और इसके साथ ही कई सारे सहायक जहाज और छोटी पेट्रोलिंग बोट्स भी मौजूद हैं। इसलिए दिनेश त्रिपाठी को संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। (**हिफी**)

# प्रशासन व जनता के बीच है दूरी

(हृदयनारायण दीक्षित–हिफी फीचर)

भारतीय पंशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक पंशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और पंतिभा बेजोड़ रही है लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। पंशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। पंशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है। संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था कि, ''हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है।'' पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अपैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए।

संवेदनशील पंशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट पंशासन पंाचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान पंशासन पंाचीन काल की पंशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका पंाचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है। ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का पंधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई 'ग्राम' थी। राजनीतिक डृष्टि से ग्राम का पंमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का पंशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के पंशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक पंशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप पंायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय पंजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है कि, ''समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी।'' उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में 'धर्मन्' कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में पंशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में पंशासनिक काम करने वालों की संख्या बढ़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्दर्गुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्दर्गुप्त मौर्य स्वयं में योग्य पंशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय पंशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा पिंय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक पंशासन को जनोन्मुखी बनाने के पंयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील पंशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील पंशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी। रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है।

राम राज्य कल्पना नहीं है। आदर्श राजव्यवस्था के सूत्र ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक एक जैसे हैं। अंग्रेजी सत्ता के समय भारत को साम्राज्यवाद का शोषण क्षेत्र बनाने की कोशिशें की गयीं। अंग्रेजी सत्ता का उद्देश्य भारत की जनता को सुन्दर पंशासन देना नहीं था। वे यहां से कच्चा माल इंग्लैंड ले जाते थे। उसके उपयोग से अंग्रेजी ब्रांड की वस्तुएं बनाते थे। यहाँ से कपास इंग्लैंड जाता था। वहां से 'मेड इन इंग्लैंड' के कपड़े बनकर आते थे। भारतीय व्यापारी और किसान कर्ज में डूब गए थे। अंग्रेजों का पंशासन संवेदनहीन था। ईसाई मिशनरी अंग्रेजी सत्ता के दुरुपयोग से धर्मांतरण कराते थे लेकिन भारतीय संस्कृति और दर्शन का डंका चारों ओर पिट रहा था। भारतीय पंशासन के लिए इंग्लैंड से सिविल अधिकारी आते थे। मैक्समूलर भारतीय दर्शन और संस्कृति के व्याख्याता थे। उन्होंने भारत आने वाले सिविल अधिकारियों को पढ़ाया था कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क भारतवासियों का है। संस्कृत दुनिया की आदर्श भाषा है। भारतीय दर्शन विज्ञान को ध्यान से समझ कर स्वयं का निजी जीवन और समाज को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है। यह बातें भारत का कोई व्यक्ति नहीं कह रहा था। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर भारत जाने वाले सिविल अधिकारियों को भारत को समझने की पेंरणा दे रहे थे। उनका सारा भाषण 'व्हाट इंडिया कैन टीच अस' के नाम से संकलित है। अंग्रेजी पंशासकों को भारत समझना जरूरी था। मोटे तौर पर अंग्रेजी शासन और वैधानिक व्यवस्था की वास्तविक शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1935 से होती है। संविधान निर्माताओं ने भारतीय पंशासन के गठन में 1935 के अधिनियम की बातें लगभग यथावत रखी हैं।

राजनैतिक कार्यपालिका विधायी सदनों के पंति जवाबदेह है। मंत्रीगणों को सम्बंधित पंश्नों के उत्तर तैयार कराने में पंशासन की मुख्य भूमिका होती है। पंश्नोत्तरों की तैयारी में हुई त्रुटि का खामियाजा सदन में मंत्री को भुगतना पड़ता है। जनपंतिनिधियों और पंशासनिक अधिकारियों के मध्य भी उत्साहवर्द्धक सम्बंध नहीं दिखाई पड़ते। बहुधा विधायकों और सांसदों से पंशासनिक अधिकारियों के बीच अपिंय कलह की खबरें आती रहती हैं। टेलीफोन न उठाने और जनपंतिनिधियों के पत्रों के उत्तर न देने की शिकायतें पुरानी हैं। विधायी सदनों की समितियों में पंशासनिक अधिकारियों को सम्बंधित विषय पर साक्ष्य के लिए आमंत्रित किया जाता है। अध्यक्ष विधानसभा के रूप में मेरा अनुभव रहा है कि समिति के भीतर जनपंतिनिधियों द्वारा पूछे गए उत्तर अधिकारियों को नागवार लगते हैं। निर्वाचित सरकार के द्वारा बनाए गए कार्यक्रमों को पूरा करना सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विकास कार्यों को ठीक से सम्पन्न कराना भी इन्हीं की जिम्मेदारी है। लेकिन तमाम राज्यों में भिन्न-भिन्न विभागों के लिए निर्धारित बजट का बड़ा भाग उपयोग में ही नहीं आता। आज के इस महत्वपूर्ण दिवस पर सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारियों और उनकी कठिनाइयों पर बेबाक चर्चा होनी ही चाहिए। (**हिफी**)

## इश्किया फिल्म का आफर मिला था प्रीति जिंटा को

विद्या बालन की इश्किया मूवी में प्रीति जिंटा को आफर था। वही मूवी जिसने नसीरुद्दीन शाह के हुनर के एक नए पहलू से रूबरू करवाया था। अरशद वारसी को बब्बन के किरदार में हिट किया था और विद्या बालन को एक दमदार एक्ट्रेस के रूप में इंड्स्ट्री में स्थापित कर दिया था। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और क्रिटिक्स ने भी जी भरकर तारीफ की थी। 2010 में ये फिल्म रिलीज हुई थी और साल के ढेरों अवॉर्ड्स अपने नाम किए ही, उसके अलावा नेशनल अवॉर्ड की भी झड़ी लग गई। इस फिल्म ने इतना नाम कमाया लेकिन फिल्म के लिए विद्या बालन कभी डायरेक्टर्स की पहली पसंद नहीं थीं। इस फिल्म के लिए डायरेक्टर अभिषेक चौबे विद्या बालन की जगह पीति जिंटा को साइन करना चाहते थे। पीति जिंटा उस वक्त बॉलीवुड की टॉप की एक्ट्रेस थीं और अपनी वर्सेटेलिटी पूंव कर चुकी थीं लेकिन कुछ कारणों से पीति जिंटा फिल्म का ऑफर एक्सेप्ट नहीं कर पाईं। उनके अलावा संजय दत्त भी खालूजान वाले रोल के लिए विशाल भारद्वाज की पहली पसंद थे लेकिन दूसरी फिल्मों में बिजी चल रहे संजय दत्त ने भी उस रोल से इंकार कर दिया जिसके बाद विद्या बालन और नसीरुद्दीन शाह को ये रोल मिले और फिल्म उनकी एक्टिंग के लिए भी यादगार बन गई।

आपके सुझाव हमें और उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हैं, तभी हमें आपके सुझावों का इंतज़ार रहता है। सुझाव के साथ आप समाचार पत्र में और क्या बदलाव चाहते हैं, साथ ही आपको हमसे किसी तरह की शिकायत भी हो, तो तत्काल पत्र द्वारा सूचित करें। आपके आसपास कोई समस्या हो और कोई सुनने-देखने वाला न हो, उसे भी तत्काल लिख भेजें। हम उसे प्रमुखता से यहां
कार्यालय 'बदायूँ अमर प्रभात'
निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं

वैचारिक क्रान्ति के लिए सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

### वर्ग पहेली 5346

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 30 मई 1987 को इसे भारत के राज्य का दर्जा मिला यह भारत का 26 वां राज्य बना (2)
3. 30 मई 1981 को हमारे देश के इस पडोसी राष्ट्र के राष्ट्रपति की उनके 8 सहयोगियों के साथ हत्या की गई (4)
6. विवाह के समय वधू का वर की अंगीकार करना (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
9. कलंदर, बाजीगर (3)
10. दारचीनी जाति के पत्ते के मसाले जो तरकारी आदि में इस्तेमाल होते है (2)
11. मुस्लिमों की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
14. निर्देशक महबूब खान की और नरगिस की यादगार भूमिका वाली फिल्म जिसमें सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार भी थे (6)
17. षोषशी, किशोरी (2)
18. दक्षिणी अमेरिका का एक देश जिसकी राजधानी जॉर्ज टाउन है (3)
20. जल की बूंद, फुहार (3)
21. हिंदी व्याकरण में अन्य पुरूष (2)
22. नारी का अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. श्री वृंदावन का एक पर्वत के बारे में ऐसी प्रसिद्धि है कि एक बार बहुत अधिक वर्षा होने पर अपने भक्तों के रक्षार्थ श्रीकृष्ण ने इसे कनिष्ठिका उंगली पर उठाया था (4)
2. सप्ताह का दिन, प्रहार करने की क्रिया (2)
3. इस वाद्य का आविष्कार मतंग ने किया था (3)
4. ग्राम, गांव, ग्राम क्षेत्र (3)
7. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो (4)
12. मुकदमा, माजरा, समस्या, घटना (3)
13. अविचल, जो हिल न सके (3)
15. समुद्र, रत्नखान (4)
16. खानाबदोश, पर्यटन प्रिय, घुमंतु (4)
17. भारत के प्रथम मुगल सम्राट (3)
19. वृथा, बेमतलब, व्यर्थ में (3)
20. सिलना, टांके लगाना, वक्षस्थल (2)

### वर्ग पहेली 5345 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | न | ग | र | | प | ना |
| क | ल | म | ल | | भा | र | त |
| नी | | क | त | र | | वा | |
| य | म | | फ | त | ह | ना | मा |
| त | न | ख्वा | ह | | व | | या |
| | मो | | मी | जा | न | | |
| सा | ह | स | | पा | | शा | म |
| म | न | ही | म | न | | ना | म |

पाक वर्सेस न्यूजीलैंड

## बाबर और कोहली के इस संयुक्त रिकॉर्ड को एक साथ तोड़ने के करीब हैं रिजवान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आयोजन किया जा रहा है और इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान आई हुई है। इन दोनों टीमों के बीच इस टी20आई सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को रावलपिंडी में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका है जो अभी बाबर आजम और विराट कोहली के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है।

**सबसे तेज 3000 रन बनाने के करीब रिजवान-** न्यूजीलैंड के खिलाफ रिजवान के पास टी20आई में सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने काम करने का अच्छा मौका है और इसके लिए उन्हें 19 रन की जरूरत है। कीवी टीम के खिलाफ 19 रन बनाते ही रिजवान टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे और बाबर व कोहली को पीछे छोड़ देंगे। बाबर और कोहली ने टी20आई में 81-81 पारियों में 3000 रन पूरे किए थे। वहीं रिजवान की बात करें तो उन्होंने अब तक टी20आई में 91 मैचों की 78 पारियों में 2981 रन बनाए हैं। 19 रन बनाते ही वो 3000 रन 79 पारियों में पूरे कर लेंगे और बाबर साथ ही कोहली से आगे निकल जाएंगे।

**टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज**

बाबर आजम 81 पारी
विराट कोहली 81 पारी
एरोन फिंच 98 पारी
मार्टिन गप्टिल 101 पारी
डेविड वॉर्नर 102 पारी

**पहला मैच बारिश में धुला:** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला मुकाबला गुरुवार को खेला जाना था, लेकिन बारिश की वजह से ये मैच नहीं हो पाया।

विनेश फोगाट से मानसी तक...

# 4 महिला पहलवान 'पेरिस' से सिर्फ एक कदम दूर

नईदिल्ली, एजेंसी। ओलंपिक में हिस्सा लेना हर एथलीट का सपना होता है. इस साल यानी 2024 में खेले जाने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सभी एथलीट जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं. अब चार भारतीय महिला पहलवान पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने से सिर्फ एक कदम दूर हैं. यानी एक और जीत हासिल करते ही चारों भारतीय महिला पहलवान पेरिस ओलंपिक में जगह बना लेंगी. चार महिला पहलवानों में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी अहलावत (62 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा) शामिल हैं. चारों ही भारतीय महिला बिश्केक में हो रहे एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं. अब सेमीफाइनल मुकाबला जीतते ही चारों पहलवान पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा हासिल कर लेंगी.

विनेश फोगाट ने 50 किलोग्राम वर्ग में कंबोडियाई की प्रतिद्वंद्वी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. बता दें कि अंतिम पंघाल 53 किलोग्राम वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुकी हैं. अब देखना दिलचस्प होगा कि फाइनल में पहुंचकर कौन-कौन महिला पहलवान पेरिस ओलंपिक में कोटा हासिल कर पाती हैं. गौरतलब है कि वर्ल्ड



चैंपियशिप 2021 में सिल्वर मेडल जीतने वाली अंशू मलिक ने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के साथ हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की. वहीं अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियन रीतिका ने युंजू ह्वांग और मंगोलिया की दवानासन एनख अमर पर जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह हासिल की. बाकी मानसी अहलावत ने कजाकिस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की.

### बॉक्सिंग में यह महिलाएं खिलाड़ी हासिल कर चुकी हैं कोटा

माहिला भारतीय बॉक्सर्स में लवलीना बोरगोहेन ने 75 किलोग्राम वर्ग में, निखत ज़रीन ने 50 किलोग्राम वर्ग में, परवीन हुड्डा ने 57 किलोग्राम वर्ग में और प्रीति पवार ने 54 किलोग्राम वर्ग में पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल कर लिया है.

## भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

### पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**बिश्केक, एजेंसी।** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।




**लय बरकरार रखने में विफल रहे अमन-** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### अन्य पहलवान भी प्रभाव छोड़ने में रहे विफल

अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

**दीपक और सुजीत को नहीं मिली खेलने की अनुमति** – दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया (86 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट (50 किग्रा) पर होंगी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहलवानों को मई में तुर्की में होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से एक और मौका मिलेगा।

## उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे




### संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?



मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेंज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।

**रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया-** रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।

# व्यापार

## पाकिस्तान ने आईएमएफ से एक और बेलआउट पैकेज की मांग की, अगले महीने रिव्यू मिशन भेजने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से जलवायु वित्तपोषण के साथ छह से आठ अरब डॉलर के बीच का अगला राहत पैकेज देने का औपचारिक अनुरोध किया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ से विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत तीन साल के अगले राहत पैकेज के ब्योरे को अंतिम रूप देने के लिए अपने रिव्यू मिशन को अगले महीने भेजने का भी अनुरोध किया है।

नए पैकेज का सटीक आकार और समय सीमा मई 2024 में अगले बेलबाउट के प्रमुख संदर्भों पर आम सहमति बनाने के बाद ही निर्धारित की जाएगी। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन के दौरे पर है। हालांकि एक पाकिस्तानी अधिकारी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर आईएमएफ ने मध्य पूर्व




और मध्य एशिया के लिए जारी अपने नवीनतम क्षेत्रीय आर्थिक आउटलुक (आरईओ) में कहा कि नकदी की कमी वाले देश (पाकिस्तान) के बाहरी बफर खराब हो गए हैं। यह चिंता खासकर ज्यादातर यूरोबॉन्ड के पुनर्भुगतान और ऋण सेवाओं के बारे में हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां महंगाई का दबाव बना रहता है, खासकर मिस्र, कजाखस्तान, पाकिस्तान, ट्यूनिशिया और उज्बेकिस्तान, वहां मौद्रिक नीति को कड़ा रहना चाहिए और मुद्रास्फीति की स्थिति बहुत अधिक पलट की ना जाए उसके जोखिम पर भी बारीकी से निगरानी करते हुए डेटा पर निर्भर रहना चाहिए। 2023 में गिरावट के बाद, पाकिस्तान की विकास दर में 2024 में 2 प्रतिशत तक सुधार होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था में यह वृद्धि कृषि और कपड़ा क्षेत्रों में सकारात्मक बदलावों से आने की अपेक्षा की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान वित्त मंत्री औरंगजेब ने वाशिंगटन में विश्व बैंक को बताया कि प्रमुख क्षेत्रों में सुधार एजेंडा के पूरी तरह लागू होने के साथ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के 2047 तक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है।

आईएमएफ के साथ पाकिस्तान का मौजूदा 3 बिलियन अमरीकी डालर का समझौता अप्रैल के अंत में पूरा हो रहा है। वहां की सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता को स्थायी बनाए रखने में मदद के लिए एक लंबा और बड़ा ऋण मांग रही है, जिससे देश बहुत जरूरी संरचनात्मक सुधारों को लागू कर सके। वहीं, आईएमएफ ने कहा है कि नए ऋण पैकेज के लिए बातचीत हो रही है वह अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सुधारों को प्राथमिकता देने के लिए नाकाफी है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट, 5.40 बिलियन डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर पर आ गया फॉरेक्स रिजर्व

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक उठापटक के चलते निवेशकों को निवेश निकालने और डॉलर के सामने रुपए में आई कमजोरी के चलते विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। 12 अप्रैल 2024 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 बिलियन डॉलर घटकर 643.16 बिलियन डॉलर पर आ गया है।




विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेयर भारतीय रिजर्व बैंक ने डेटा जारी किया है। आरबीआई के मुताबिक 12 अप्रैल 2024 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है और ये 5.40 बिलियन डॉलर की गिरावट के साथ 643.16 बिलियन डॉलर पर आ गया है। इसके पहले 5 अप्रैल 2024 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर 648.562 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा था। आरबीआई के डेटा के मुताबिक इस दौरान विदेशी करेंसी एसेट्स 6.51 बिलियन डॉलर की कमी के साथ 564.65 बिलियन डॉलर पर आ गया है। हालांकि इस अवधि के दौरान आरबीआई के गोल्ड रिजर्व में उछाल देखने को मिला है। गोल्ड रिजर्व 1.241 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ 55.79 बिलियन डॉलर पर आ गया है, जबकि एसडीआर 93 मिलियन डॉलर की कमी के साथ 18.07 बिलियन डॉलर और इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड के पास जमा रिजर्व 35 मिलियन डॉलर की कमी के साथ घटकर 4.63 बिलियन डॉलर पर आ गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट के कारणों पर नजर डालें तो इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और इसके चलते कच्चा तेल समेत कमोडिटी के दामों में उछाल के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले बेहद कमजोर हुआ है। इस बात के आसार हैं कि रुपए को थामने के लिए सेंट्रल बैंक ने करेंसी मार्केट में दखल दिया जिसके चलते डॉलर रिजर्व घटा है। घरेलू करेंसी को संभालने या डॉलर के मुकाबले गिरावट रोकने के लिए आरबीआई जब भी दखल देता है तब विदेशी मुद्रा भंडार में बदलाव देखने को मिलता है।

जियो फाइनेंशियल तिमाही नतीजे

## नेट प्रॉफिट 6 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शुक्रवार को मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के नतीजे घोषित किए। उसने 311 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। इसमें 6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर तिमाही में यह आंकड़ा 294 करोड़ रुपये था। परिचालन से समेकित राजस्व पिछली तिमाही के 414 करोड़ रुपये के मुकाबले 418 करोड़ रुपये पर फ्लैट रहा। मार्च तिमाही में कुल खर्च 103 करोड़ रुपये रहा। जबकि सितंबर तिमाही में यह 98 करोड़ रुपये था।

मार्च 2024 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए वित्तीय सेवा कंपनी का




शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 1,604 करोड़ रुपये हो गया। जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह सिर्फ 31 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए रेवेन्यू भी कई गुना बढ़कर 1,854 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष में यह 42 करोड़ रुपये था। जियो फाइनेंशियल की समेकित आय में इसकी सहायक कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों की अर्निंग शामिल है। इनमें जियो फाइनेंस, जियो पेमेंट सॉल्यूशंस, रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स एंड होल्डिंग्स, जियो इंश्योरेंस ब्रोकिंग, जियो इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट सर्विसेज, जियो इंफॉर्मेशन एग्रीगेटर सर्विसेज, रिलायंस सर्विसेज एंड होल्डिंग्स, पेट्रोलियम ट्रस्ट और जेवी फर्म जियो पेमेंट्स बैंक शामिल हैं। चौथी तिमाही में कंपनी की ब्याज आय बढ़कर 281 करोड़ रुपये हो गई। जबकि तीसरी तिमाही में यह 269 करोड़ रुपये थी। इस बीच फीस और कमीशन इनकम बढ़कर 41 करोड़ रुपये हो गई। इस सप्ताह की शुरुआत में जियो फाइनेंशियल ने घोषणा की थी कि उसने अपने धन प्रबंधन और ब्रोकिंग व्यवसाय के लॉन्च के लिए परिसंपत्ति प्रबंधन फर्म ब्लैकरॉक, इंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन की आईएमएफ ने की तारीफ, विश्व बैंक ने भी सराहा

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बसंत बैठक चल रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए भारत की तरफ से आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ भी अमेरिका दौरे पर हैं। अजय सेठ ने बताया कि इस बैठक के दौरान आईएमएफ और विश्व बैंक ने भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन की तारीफ की। बैठक में कहा गया कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान वैश्विक मुद्दों पर जिस तरह से आम सहमति बनाई गई, वह काबिले तारीफ है।

**भारत में हुए जी20 सम्मेलन की इस बात को लेकर हुई तारीफ :** भारत में 9-10 सितंबर को जी20 सम्मेलन की बैठक हुई थी। इस सम्मेलन



में 37 पेज का एक आम सहमति घोषणा पत्र पारित हुआ था, जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई मुद्दों पर आम सहमति से कदम उठाए गए थे। भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर जिस तरह से सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बैठकें आयोजित की गईं, उसकी भी तारीफ हुई। लोकसभा चुनाव के चलते इस साल की जी20 की बसंत बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल नहीं हुईं। भारत के प्रतिनिधिमंडल में शीर्ष अधिकारी जैसे आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख शक्तिकांत दास शामिल हैं।

# रेलवे ट्रेक पर मिला युवक का शव, परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप

## गांव की एक महिला से थे युवक के अवैध संबंध

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बरेली।** युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। युवक के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है ।परिजनों का कहना है युवक का आरोपी की पत्नी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस कारण उसकी हत्या की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई। परिजनो ने आरोपी के खिलाफ़थाने में तहरीर दी है।

बरेली के थाना सीबीगंज क्षेत्र के नंदोषी का रहने वाला 18 वर्षीय अमित पुत्र बिहारी लाल पारसखेड़ा में एक फैक्ट्री में काम करता था। उसका गांव के ही रहने वाले सचिन नाम के युवक की पत्नी से प्रेम प्रसंग चल रहा था।अमित का शव रेलवे ट्रेक पर देखा गया। अमित के चाचा जगदीश ने बताया गांव की ही रहने वाले सचिन की पत्नी से 1 साल से अमित का अफेयर चल रहा था।इस बात को लेकर अमित और सचिन का विवाद भी हुआ था।परिवार के लोगों ने सचिन के ऊपर अमित की मौत पर हत्या का आरोप लगाया है । वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं

अमित के चाचा जगदीश ने बताया घर में 18 तारीख को अमित के चाचा धर्मेंद्र की शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था 19 तारीख को बारात लौट कर आई थी । घर पर मंडप खेला जा रहा था। जब लोगों को पता चला अमित की मौत हो गई है तो शादी वाले घर में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। मृतक की मां सुनीता ने अपने बेटे की मौत पर हत्या का आरोप लगाते हुए सचिन के खिलाफ सीबीगंज थाने में तहरीर दी है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# 3 दिन से लापता 3 वर्षीय माही के परिजन पहुंचे एसएसपी ऑफिस एकी बरामदगी की मांग

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बरेली।**मंदिर से गायब हुई एक तीन वर्षीय बच्ची का 3 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। अब परिजनो को अनहोनी की आशंका सताने लगी है।इस मामले में परिजन आज एसएसपी आफिस पहुंचे और बच्ची की बारामती की मांग की है।

थाना सुभाष नगर क्षेत्र के नेकपुर निवासी मुकेश कुमार ने बताया उनकी पत्नी नवरात्र के उपलक्ष में 17 अप्रैल को नेकपूर ललिता देवी मंदिर में गई थी। उनके साथ उनकी 3 साल की बेटी माही भी थी। इस दौरान खेलते हुए उनकी बेटी वहां से कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी उनकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा । इस दौरान जब आसपास के सीसीटीवी कैमरे कंगाल गए तो वीडियो में उनकी बेटी के साथ है लड़की दिखाई दे रही है ।जिसका नाम किट्टू है किट्टू की मां अपराधिक प्रवृत्ति की महिला है। उसके खिलाफ थाना सीबीगंज में मुकदमा जी दर्ज है। परिजनों का आरोप है उनकी बेटी को किट्टू की मां शिवानी ने अपहरण किया है। शिवानी से संपर्क भी किया गया लेकिन उसका फोन नहीं लग रहा है। आशंका है उनकी बेटी को अपहरण कर कहीं बाहर भेज दिया गया है । इस मामले में आज मुकेश कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बेटी के बरामदगी की मांग की है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मां की गोदी से छिटकी 11 महीने की मासूम बच्ची की मौत

**बरेली।** शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे एक युवक की बाइक को पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी पत्नी की गोद में बैठी उसकी डेढ़ साल की बेटी छिटक कर जमीन पर गिर गई। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची की मौत पर महिला का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरेली के थाना भोजीपुरा की गांव बलियाशखा निवासी ओमप्रकाश ने बताया आज सुबह वह अपनी पत्नी काजल के साथ रिश्तेदारी की शादी में शामिल होकर घर को लौट रहे थे। उनके साथ उनकी सास सोमबती भी थी। जैसे ही उनकी बाइक भोजीपुरा के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे की काव्य अपनी मां की गोद से उछलकर गिर गई और पीछे से ट्रैक्टर चड गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया ।पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी।

# बसपा के दोनों प्रत्याशियों का नामांकन हुआ निरस्त, पहुंचे कोतवाली दी तहरीर

## मास्टर छोटेलाल गंगवार और आंवला प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन हुआ निरस्त

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बरेली।** बहुजन समाजवादी पार्टी के 25 लोकसभा प्रत्याशीमास्टर छोटेलाल गंगवार और आंवला प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन पर्चा निरस्त होने के बाद नाराज बसपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और लिखित शिकायती पत्र कोतवाल को सौंपा पत्रकारों से बात करते हुए ब्रह्म स्वरूप सागर ने कहा कि किसी व्यक्ति ने फर्जी कागजों के आधार पर बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से नामांकन कराया है जो कि फर्जी है और अधिकारियों ने उसको असली मानते हुए आंवला लोकसभा प्रत्याशी आबिद अली का पर्चा निरस्त कर दिया जो की बहुत गंभीर और खेद की बात है जिला अध्यक्ष की ओर से लिखित तहरीर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दी गई है कि यह एक फर्जी दस्तावेज के आधार पर नामांकन कराया है इस पर कार्रवाई होनी चाहिए ब्रह्म स्वरूप सागर ने कहा के भाजपा ने अपनी हार मान ली है हताश होकर वह इस प्रकार के कार्य अधिकारियों से करवा रही है 25 लोकसभा प्रत्याशी मास्टर छोटेलाल गंगवार का भी पर्चा निरस्त कर दिया गया बहुजन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बड़े मन के साथ दोनों प्रत्याशियों का चुनाव लड़ा रहे थे और प्रचार प्रसार में लगे हुए थे बीजेपी को अपनी सीट का खतरा दिखाई दे रहा था इसलिए उन्होंने इस प्रकार का कार्य करते हुए दोनों प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त करवा दिए हैं शीघ्र ही इस पर अगली रणनीति बनाई जाएगी ।

# ई रिक्शा पलटने से एक की मौत दो घायल

## बारात से लौट कर आ रहे थे दूल्हे के परिवार वाले

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बरेली।** भतीजे की बारात से आ रहे दूल्हे के चाचा का ई रिक्शा पंचर होने के कारण पलट कर खाई में गिर गया। जिससे दूल्हे के चाचा की मौके पर मौत हो गई दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है ।वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब इसका पता परिजनों को चला तो परिवार में कोहराम मच गया शादी की खुशियां माता में बदल गईं।

थाना भोजीपुरा के गांव बिलवा के रहने वाले 42 वर्षीय राजू पुत्र शिवचरण के भतीजे अर्जन का विवाह रामगंगा के पास चुराहा गांव में था। उसके रिश्तेदार ने बताया कि शुक्रवार देर शाम ई रिक्शा से रामगंगा के पास चुराहा गांव में अपने भतीजे अर्जुन की शादी में शामिल होकर वापस से लौट रहे थे। तभी नंद गांव के पास ई रिक्शा पंचर होने से खंती में पलट गया। जिसमें ई रिक्शा चालक राजू की मौके पर ही मौत हो गई । अंकित और ताराचंद दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया ।मृतक की पत्नी नन्ही का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के तीन बच्चे हैं।

# घर में यदि टीबी मरीज है तो निकट सम्पर्की कराएं जांच

**मथुरा।** यह तो आप अब तक बार बार सुन चुके होंगे कि टीबी का इलाज संभव हैए बस ज़रूरी है कि इसका जल्द से जल्द पता लगा लिया जाए और तुरंत इसका इलाज शुरू कर दिया जाए । घर में यदि टीबी मरीज है तो निकट सम्पर्की जांच कराएं । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने ने लोगों से यह अपील की है।

सीएमओ ने बताया कि देश को टीबी मुक्त तभी किया जा सकता हैए जब टीबी मरीजों को स्वस्थ होने में मदद की जाए और उसके संक्रमण को फैलने से रोका जाए। उन्होंने बताया कि हमें यह भी समझना बेहद जरूरी है कि टीबी के बैक्टीरिया हवा के जरिये संक्रमित व्यक्ति के ड्रॉपलेट्स से फैलते हैं। अगर टीबी मरीज मास्क का इस्तेमाल करता है तो उससे संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। साथ ही तीन सप्ताह तक लगातार दवाई लेने के बाद भी वह दूसरों को संक्रमित नहीं कर सकता है। यदि आपके घर में कोई टीबी रोगी है तो उसके खांसने से, छींकने से, थूकने से और यदि रोगी के बहुत नजदीक रहते हैं तो आपको भी टीबी की आशंका है। इसलिए बचाव का बेहद ध्यान रखें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि अगर निकट सम्पर्की में भी जांच के दौरान टीबी मिलती है तो आपका तुरंत यथावत इलाज शुरू हो जायेगा और यदि नहीं है तो भी आपको टीबी रोकथाम की दवाई दी जायेगी जिससे आपका टीबी से बचाव हो जाएगा।

# आने वाले समय में देखने को मिलेगी गदर 3

## फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा पहुंचे छाता

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**मथुरा।** बॉलीवुड में गदर और गदर दो सुपरहिट फिल्में बनाने वाले फिल्म डायरेक्टर छाता स्थित आरपीएल होटल पहुंचे। जहां पर लोगों ने उनका स्वागत किया। डायरेक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि वो मूल रूप से मथुरा के रहने वाले हैं और जब भी मथुरा आते है तो लोगों द्वारा उन्हें स्नेह दिया जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बनायी गयी फिल्म गदर और गदर दो को लोगों ने बहुत ही प्यार दिया और आगे आने वाले समय में गदर तीन भी लोगों को देखने को मिलेगी।


साथ ही ब्रज क्षेत्र पर उनके द्वारा प्रोजेक्ट्स पर काम जारी है। इस दौरान छाता देहात प्रधान बॉबी भैया ने उन्हे दुप्पटा व तस्वीर भेंट की। इस दौरान पुरूषोत्तम चौधरी, तनवीर आलम, मनीष चौधरी, कमल किशोर, राहुल, बब्बू ठाकर, हरिकिशन, हरवंश आदि मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के पक्षकार दिनेश शर्मा को मिली जमानत

## भड़काऊ बनाया के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के पक्षकार दिनेश शर्मा द्वारा विवादित बयान दिया गया था। उसमें उनकी गिरफ्तारी हुई और कोर्ट ने उनको जेल भेज दिया था, श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय हरियाणा ने बताया कि दिनेश शर्मा पर मथुरा पुलिस द्वारा दंगा भड़काने का आरोप लगाया गया था, जिसमें उनको गिरफ्तार किया गया और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उनको जेल भेजा गयाए दूसरे दिन उनकी जमानत अर्जी लगाई गई।



जिसमें न्यायालय ने जमानत अर्जी स्वीकार कर ली और उनको रिहा किया गया। उनकी रिहाई पर कार्यकर्ताओं ने जेल के बाहर जाकर स्वागत किया और उनको सकुशल घर पहुंचाया। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षण वेद प्रकाश कटिहार रिटायर्ड अण्कमिश्नर, राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी कुमार, मीडिया महामंत्री राजेश पाठक, राष्ट्रीय मंत्री डॉ जमुना शर्मा, मीडिया प्रभारी रिचा शर्मा, महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, राहुल गौतम, प्रदेश मंत्री राजेश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# मतदाताओं की खामोशी ने बढ़ाई प्रत्याशियों की बेचौनी

## शिक्षा, रोजगार, महंगाई हमारे मुद्दे हैं जिन पर राजनीतिक दल बात नहीं करते: जिंदल

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**मथुरा।** चुनाव प्रचार अंतिम चरण में पहुंच रहा है। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने पूरा दमखम लगा दिया है। नुक्कड़ सभाओं से लेकर बड़े नेताओं की बड़े मंच पर राजनीतिक सभाओं का दौर चल रहा है। सभी प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। लोक लुभावने वादे कर रहे हैं। अपनी प्राथमिकताएं बता रहे हैं। हर वह जतन कर रहे हैं जिससे वह जनता का वोट हासिल कर सकें। दूसरी ओर मतदाताओं ने पूरी तरह से मौन साध लिया है। लोग यहां तक कह रहे हैं कि यह बेहद नीरस चुनाव है। इतना नीरस चुनाव मथुरा ने शायद ही कभी देखा होगा। यहां तक बडे बडे नेताओं की जनसभाओं के प्रति भी लोगों का रूझान नहीं है। वही प्रचार के तौर तरीके भी बदल गये हैं। राजनीतिक दल सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। इस सबके बीच मतदाताओं की खामोशी ने सभी प्रत्याशियों की धड़कनें बढा दी हैं। ऊंट किस करवट बैठेगा यह कोई समझ नहीं पा रहा है। राजनीतिक पंडित इस बार जनता का मूड भांपने में नाकाम साबित हो रहे हैं। लोग कुछ बोलने को तैयार नहीं है। किसी भी सवाल पर वह चुप्पी साध जाते हैं। बलदेव के गांव पटलौनी निवासी अतुल जिंदल कहते हैं महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक दल चुप्पी साध गये हैं। हमारी जरूरतों की कोई बात ही नहीं कर रहा है। गांव अडींग निवासी बीरेन्द्र सिंह कहते हैं। कुछ कहने सुनने का कोई फायदा नहीं है। हमारी अपनी समस्याएं हैं, उन पर कोई बात नहीं कर रहा है। सब अपनी अपनी कह रहे हैं हमारी कोई सुन नहीं रहा है। प्रत्याशी वादे बहुत कर रहे हैं। लेकिन इस तरह के वादों से उनका विश्वास उठ गया है। चुनाव जीतने के बाद कोई देखने तक नहीं आता है। अब सब लुभावनी बात कर रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद भगवान हो जाते हैं, इन से मिलना मुश्किल हो जाता है।

# मथुरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को किया सम्बोधित

## जयंत चौधरी और हेमा मालिनी ने भी किया सभा को संबोधित

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**मथुरा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को वृंदावन के प्रियकांत जू मंदिर मैदान पर मथुरा लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं जन्म और धर्म से वैष्णव हूं। पूरे देश में लोकसभा का चुनाव हो रहा है। पहले चरण का मतदान हो चुका है, पहले चरण में कांग्रेस का सूपड़ा साफहो गया है। दूसरे चरण में सपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ करना है। राहुल गांधी मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं और नरेंद्र मोदी गरीब के घर में पैदा हुए।

यह दोनों आमने सामने है। नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। एक ओर थाईलैंड के प्राइवेट द्वीप पर छुट्टियां मनाने वाले राहुल गांधी हैं।

दूसरी ओर दीपावली के दिन भी छुट्टी न लेने वाले नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। जनसभा को



सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी और रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी संबोधित किया। जनसभा में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बृज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष रालोद जयंत चौधरी, मथुरा जिला प्रभारी अशोक कटारिया, सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, लोकसभा प्रभारी श्याम भदौरिया, विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह, भुवन भूषण कमल, क्षेत्रीय महामंत्री नगेंद्र सिकरवार, डॉ देवेंद्र शर्मा, मुकेश खंडेलवाल, रविकांत गर्ग, योगेश नौहवार, रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल भरंगर, वीरपाल मलिक, निरंजन धनगर, सुल्तान तरकर, पंकज गुप्ता, मुकेश आर्यबंधु, पूजा चौधरी, मनीषा गुप्ता, संजय गोविल, जनार्दन शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, श्याम सिंघल, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, अनुराग चतुर्वेदी, यशराज चतुर्वेदी, आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सुनील चतुर्वेदी एवं देवेश पाठक ने किया।

# आई एम सी प्रत्याशी फरहत खान का पर्चा खारिज

**बरेली।** एआईएम सी प्रत्याशी फरहत खान का पर्चा ख़ारिज होने पर मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने कहा के सांप्रदायिक और कथित सेकुलर दल के प्रत्याशी के आपसी तालमेल जिसने पिछले दिनों आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रज़ा खान साहब को साजिशे रच कर जेल भेज कर मुसलमानों और दबे कुचले वर्ग की आवाज़ को दबाने की कोशिशें की थी इन चुनावों में यह तय होना था के असल दंगाई कौन है पर्चा ख़ारिज होना भी साजिशो का नतीजा है आई एम सी प्रमुख हमेशा अपनी मिल्लत पर जुल्म, ज्यात्ति और हक़ की आवाज़ उठाते रहे हैं आगे भी उठाते रहेंगे।

# पाकिस्तान में 8 हजार करोड़ निवेश करेगा सऊदी अरब



**दुबई, एजेंसी।** सऊदी अरब जल्द ही पाकिस्तान में तांबा और सोने के खनन से जुड़े प्रोजेक्ट में 8.34 हजार करोड़ का निवेश करेगा। सऊदी के विदेश मंत्री फैजल बिन फरहान अल सऊद हाल ही में 2 दिन के पाकिस्तान दौरे पर गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसी दौरान दोनों देशों के बीच डील पर चर्चा हुई। वहीं शुक्रवार को पाक आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने भी सऊदी के सहायक रक्षा मंत्री मेजर जनरल अब्दुल्लाह अल-ओताइबी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच डिफेंस प्रोडक्शन और मिलिट्री ट्रेनिंग पर भी चर्चा हुई। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ईद-उल-फितर के मौके पर सऊदी अरब गए थे। वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उन्हें इफ्तार पार्टी का न्योता दिया था। पाकिस्तान में आर्थिक तंगहाली और राजनीतिक उठापटक के बीच सऊदी हमेशा से उसके साथ खड़ा रहा है।

पिछले साल जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को 2 अरब डॉलर का लोन दिया था। 2020 तक पाकिस्तान को कर्ज देने वाले देशों में सऊदी पहले नंबर पर था। इस स्टोरी में जानिए की ऐसा क्यों है कि सऊदी पाकिस्तान के खराब आर्थिक और सुरक्षा हालातों के बावजूद उसकी मदद करता है। दोनों के रिश्तों का इतिहास क्या है. आतंक और कंगाली के बावजूद पाकिस्तान की मदद क्यों करता है सऊदी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने कार्यकाल में 32 विदेश दौरे किए थे। इनमें से 8 विदेश यात्राएं सऊदी अरब की थीं। 2021 में इमरान की सरकार गिरने के बाद प्रधानमंत्री बने शाहबाज शरीफ भी अपने पहले विदेश दौरे पर सऊदी ही गए थे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों का पहले विदेश दौरे पर सऊदी जाना आम बात है। इसकी प्रमुख वजह पाकिस्तान को सऊदी से मिलने वाला पैसा है। सऊदी अरब अपनी अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहता है। ऐसे में वो ट्रेड के लिए नए पार्टनर ढूंढ रहा है। भारत भी उनमें से एक है। हालांकि, वो पाकिस्तान को बहुत ज्यादा खफा नहीं कर सकता है। इसकी एक बड़ी वजह ईरान है।

1979 में इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान में शिया धर्मगुरुओं को सत्ता मिल गई। ईरान के शिया बहुल देश होने की वजह से सऊदी अरब इस क्रांति से बेहद डरा हुआ था। इसे काउंटर करने के लिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान, भारत समेत सुन्नी मुस्लिम वाले देशों में पैसा भेजना शुरू किया।

इससे वहाबी मुस्लिम दुनिया भर के देशों में मजबूत हुआ और इस पूरे क्षेत्र में सूफी इस्लाम की मौजूदगी कम हुई। सालों से ईरान और सऊदी के बीच मिडिल ईस्ट में दबदबे की लड़ाई है। इसके लिए सऊदी पाकिस्तान को अपने खेमे में रखना चाहता है। सऊदी अरब हमेशा से पाकिस्तान की आर्थिक तौर पर काफी मदद करता रहा है। पिछले साल जुलाई में सऊदी ने पाकिस्तान को आर्थिक तंगहाली के बीच 2 अरब डॉलर का लोन दिया था।

# अर्चन्स, अर्चना गुप्ता, तत्क्षण मर्डर मिस्ट्री के साथ प्रेम कहानी भी

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**लखनऊ।**हिंदी सिनेमा जगत नित नये प्रयोग के लिए जाना जाता है । इसी क्रम में उ0प्र0शासन की मंशा के अनुरूप भूर्व ग्रुप, लखनऊ द्वारा निर्मित हिंदी फीचर फिल्म तत्क्षण पूर्ण रूप से लखनऊ उ0प्र0 में छायांकित फिल्म है तथा इस फिल्म के गीतए संगीत के कलाकार भी उत्तर प्रदेश से ही है । फिल्म तत्क्षण रहस्यएरोमांच एवं थ्रिलर से भरपूर फिल्म है। फिल्म तत्क्षण का प्रीमियर लखनऊ के प्रसिद्ध लूलू मॉल के पीवीआर सिनेमा ऑडी.8 में आज सम्पन्न हुआ तथा दिनांक 19/04/2024 से तत्क्षण फिल्म पूरे भारत में दर्शकों के मनोरंजन हेतु सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। फिल्म में विक्रांत राय, पल्लवी सिंह, गौरव सिंह, रूचि सिंह राठौर, आकांक्षा पांडेय, मुस्कान लालवानी, नेहा आहूजा, आकाश पांडेय एवं सुमित सागर मुख्य भूमिका में हैं एवं फिल्म के निर्देशन व लेखक- वैभव वर्मा, संगीत. चार्मिंग बॉय (सतीश कुमार) द्वारा किया गया है ।




एग्जीक्यूटिव प्रोडूसर- राजेश द्विवेदी, एडिटर. अनुराग सिंह, लिरिक्स- शालिनी सजल, सिंगर-विराज त्रिपाठी, कृष्टि सिंह प्रतिमा वर्मा द्वारा किया गया है । फिल्म के निर्माता- प्रेम मोहन पांडेय द्वारा बताया गया है कि यह इनकी प्रथम फिल्म है और उ0प्र0 सरकार द्वारा फिल्म के छायांकन एवं अन्य तैयारियों में भरपूर सहयोग प्रदान किया गया है।

हिंदी फिल्म तत्क्षण की शूटिंग लखनऊ में हुई है। तत्क्षण की कहानी एक मर्डर मिस्ट्री है, जिसमें मुख्य किरदार में एक्टर विक्रांत राय और एक्ट्रेस पल्लवी सिंह हैं। फिल्म का निर्देशन वैभव वर्मा ने किया हैं। वैभव वर्मा पहले बीआर चोपड़ा के प्रोडक्शन में बतौर लेखक काम कर चुके हैं।

फिल्म की कहानी तीन महिला किरदारों धृति, मायरा और उर्वी द्ध पर केंद्रित है, जो स्वयं को पुलिस से बचाने के लिए पहले हत्या जैसा जघन्य अपराध करती हैं, हलांकि वह हत्यापरिस्थिति वश करती हैं, किन्तु बाद में सबूत मिटाने के चक्कर में एक के बाद एक अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होती जाती हैं। फिल्म निर्माता प्रेम मोहन पांडेय हैं। लखनऊ की शालिनी सजल ने फिल्म को गीतों से सजाया है। फिल्म की शूटिंग चिनहट, गोमतीनगर, शहीदपथ, चौक, अलीगंज सहित कई जगहों पर हुई है ।

# गैंगस्टर जग्गो फौजी आधा दर्जन साथियों के साथ गिरफ्तार

## पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को भी किया है गिरफ्तार

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**मथुरा।** जग्गो फौजी गैंग किसी वारदात को अंजाम देता इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ गया। वह मथुरा में जमीनी रंजिश में साथियों के साथ घटना को अंजाम देने आया था। गैंग के छह सदस्यों और बाल अपचारियों के साथ अलवर पुल के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से भारी मात्रा में असलहा बरामद किया गया है। इस कार्यवाही को थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। पांच तमंचाए एक पिस्टल 9 एमएम एवं भारी मात्रा में कारतूस बरामद किये गये हैं। शनिवार को करीब 04.30 बजे शातिर गैंगस्टर जगवीर उर्फ जग्गो उर्फ फौजी पुत्र पूरन सिंह निवासी मौहकमपुर थाना इगलास जनपद अलीगढ को उसके गैंग के भोला पुत्र राजू निवासी

### जग्गे के खिलाफ दर्ज हैं दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले

मौहल्ला शकरानन्दपुरी अस्पातल रोड कस्वा व थाना इगलास जनपद अलीगढ, दिनेश पुत्र कोमल सिह निवासी गोंडा रोड शिवदान नगर कस्वा व थाना इगलास जनपद अलीगढए राहुल पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी चन्दफरी थाना इगलास जनपद अलीगढए शीलेन्द्र उर्फशीलू पुत्र गौरी शंकर निवासी दयानिधिपुर थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस, विशाल पुत्र रणवीर निवासी रूहेरी थान हाथरस गेट जनपद हाथरस, राजू पुत्र मनोज निवासी नगला उमेद थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस तथा विधि का उल्लंघन करने वाले तीन अन्य बाल अपचारी के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## घर में घुसकर चोरी, केस दर्ज

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के मयूर बिहार निवासी अतुल यादव पुत्र उम्मेद सिंह का कहना है कि अज्ञात चोर पीड़ित के मयूर बिहार सेंट पॉल्स स्कूल के पीछे से मकान में घुस गए। आरोप है कि चोरों द्वारा घर में अन्दर रखे बक्सा, सूटकेश, सोने चांदी के जेबरात, 1 लाख, 68 हजार 500 रुपए व कागजात चोरी कर लिए गए। जानकारी होने पर अज्ञात में मामला दर्ज कराया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## हत्या के इरादे से चलाई गोली

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** जलेसर के गोपालपुर निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र साहबसिंह का आरोप है कि आगरा चौराहा जलेसर के पास पीड़ित की गाडी पर जलेसर के गांव कुशवाह निवासी अजय यादव पुत्र जयवीर सिंह यादव द्वारा हत्या के इरादे से गोली चलाई गई। जिससे पीड़ित बाल बाल बच गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घटना की रिपोर्ट देवेन्द्र ने अजय के खिलाफदर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव उमरायपुर निवासी अनूप सिंह पुत्र राजेश का कहना है कि गांव के निवासी उमेश पुत्र लाखन सिंह समेत पांच लोगों द्वारा पीड़ित से एकराय होकर घर में घुसकर मारपीट की, बहन को भी पीटा, परिजनों पर भी हमला कर चोटिल कर दिया। गाली गलौज कर धमकी दी है।

## राशन कम देने की डीलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** जैथरा के पूर्ति निरीक्षक धारणा चौहान ने बताया कि जवाहर नगर जैथरा पर संतवीर सिंह द्वारा सरकारी राशन की दुकान चलाई जा रही है। शिकायत मिली कि डीलर द्वारा राशन कार्डधारकों को राशन कम दिया जा रहा है। इस पर जांच की गई तो कम तोलकर राशन दिया जा रहा थ। स्टॉक रजिस्ट व बिक्री रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं मिला। जांच के उपरांध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत डीलर संतवीर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## मारपीट कर हत्या के इरादे से चलाई गोली

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** सकीट के गांव कर्मचन्द्रपुर निवासी चंदन सिंह पुत्र दुलारे सिंह का कहना है कि गांव के निवासी अजय कुमार पुत्र रामपाल सिंह ने पीड़ित के साथ गाली गलौज की, विरोध करने पर तमंचा से गोली चलाकर हत्या करने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव नगला गुलरिया निवासी हीरालाल पुत्र चोखेलाल का कहना है कि क्षेत्र के गांव नगला डरू निवासी टेक सिंह पुत्र तोताराम समेत चार लोगों द्वारा पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज की, विरोध करने पर मारपीट कर फैक्कर कर दिया गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीडित ने कार्रवाई की मांग की है।

## धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराया, विरोध करने पर दी धमकी

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** जैथरा के गांव जिरौलिया निवासी शोभारानी पत्नी विश्वनाथ का आरोप है कि जैथरा के गांव छोटी जरारी निवासी पंकज पुत्र लज्जाराम समेत पांच लोगों ने पीड़िता की गवाही कराने के नाम पर तहसील अलीगंज ले जाकर धोखे से जमीन अपने नाम करा ली। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की, आरोपितों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है।

## जमीन देने के नाम पर रुपए ठगे

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के शिवगंज निवासी राहुल गुप्ता पुत्र रामगोपाल ने बताया कि रिजोर के मिर्जापुर निवासी राजेश पुत्र तेजपाल समेत चार लोगों ने जमीन देने के नाम पर पीड़ित से रुपए ले लिए। धोखाधड़ी कर रुपए लेने के बाद जमीन का बैनामा नहीं किया। जब पीड़ित ने रुपए मांगे तो रुपए भी नहीं दिए गए। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## व्यापारी से लूट का आरोपी गिरफ्तार

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** नयागांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम उभई निवासी आदित्य दीक्षित पुत्र देवेन्द्र प्रसाद दीक्षित कन्नौज के छिबरामऊ में रॉ-मैटेरियल हार्डवेयर की दुकान बंद कर लौट रहे थे। 29 मार्च को क्षेत्र के नौली चौराहा पर बाइक सवार तीन लोगों द्वारा बैग में रखे 76 हजार रुपए, स्वैप मशीन, व प्रपत्र लूट लिए थे। पीड़ित ने 30 मार्च को मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने इस घटना के आरोपी अलीगंज के गांव किनौड़ी खैराबाद निवासी अंशू यादव पुत्र दिनेश सिंह यादव 20 अप्रैल 2024 को सुबह 5 बजे बिथरा ईंट भट्ठा के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से लूट के 2800 रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रितेश ठाकुर, एसआई कैलाशनाथ समेत छह पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## अज्ञात कारणों से देसी आतिशबाजी के गोदाम में लगी आग, दो गम्भीर

**कासगंज(अमर प्रभात ब्यूरो)।** थाना अमांपुर क्षेत्र के गांव करसाना में देसी आतिशबाजी के गोदाम में आग लग जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल से नाजुक हालत में अलीगढ़ रेफर किया है। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

गांव करसाना निवासी फूल चंद्र पुत्र फुलवारी लाल एवं भगवानदास पुत्र चोब सिंह देसी आतिशबाजी का कार्य करते हैं। गांव के बहार खेतों में उनका गोदाम है। दोनों लोग शुक्रवार रात लगभग साढ़े नौ बजे गोदाम पर थे। तभी अचानक आतिशबाजी में आग लग गई।

दोनों लोग आग बुझाने के प्रयास में जुटे, इस प्रयास में आग की चपेट में आकर दोनों घायल हो गए। आतिशबाजी की आवाज और चीख-पुकार सुन ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी परिजनों को भी मिल गई थी। परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे, जो घायलों को जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने के कारण नाजुक हालत में दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ का कहना है कि घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है। जानकारी कराएंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में प्रेमिका की मौत, चिता बुझाकर निकाला शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** डांडा निवासी प्रेमिका का शनिवार को पति से विवाद हुआ, उसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। ससुराल वाले फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कहते हुए महिला का अंतिम संस्कार कर रहे थे। इसी दौरान रिजोर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चिता बुझाकर शव कब्जे में ले लिया। बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



रिजोर क्षेत्र के गांव डांडा निवासी ओमवीर सिंह कथा वाचक है। उसका 10 साल पहले पीलीभीत क्षेत्र की रहने वाली 28 वर्षीय युवती रीना के साथ प्रेम विवाह हुआ था। ओमवीर के संसर्ग से रीना ने एक बच्ची को जन्म दिया, जिसकी उम्र 8 साल है। ग्रामीणों के अनुसार ओमवीर रीना के होते हुए एक अन्य लड़की से भी प्रेम करता था, जोकि एटा शहर में रहती थी। इसलिए ओमवीर का एटा आना-जाना रहता था।

इसको लेकर ओमवीर और रीना के मध्य आए दिन झगड़ा होता होता था। इसी बात को लेकर रीना और ओमवीर के मध्य शुक्रवार की रात विवाद हुआ था। शनिवार को सुबह करीब 5 बजे रीना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, उसने घर पर ही फांसी लगाई थी। इस पर सभी ग्रामीण एकत्रित हुए थे। पुलिस को सूचना दिए बगैर महिला का गांव के जंगल में अंतिम संस्कार किया जा रहा था, तभी चौकीदार द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गई।

इस पर क्षेत्राधिकारी सकीट संजय सिंह और रिजोर इंस्पेक्टर अल्का तोमर मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम भी वहां पहुंची और सबूत इकट्ठे किए गए। पुलिस द्वारा चिता बुझाकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ससुरालीजन फरार हो गए। पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## बारात की मैक्सपिकअप पेड़ से टकराकर पलटी, पांच घायल

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** बारात की मैक्सपिकअप गाड़ी बेकाबू होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। सभी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। बागवाला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बैनाठेर निवासी विपिन कुमार पुत्र बीरी सिंह की कासगंज के पटियाली थानान्तर्गत ग्राम नगला कटील निवासी रामवीर के घर शुक्रवार की रात बारात गई थी। शनिवार को शादी होने के पश्चात विवाह का सामान लेकर मैक्सपिकअप बैनाठेर गांव आ रही थी। उक्त गाड़ी में मैनाठेर निवासी देवांश (12) पुत्र प्रताप सिंह, काव्यांश (7) पुत्र वीरेश कुमार, धमेन्द्र (28) पुत्र हेम सिंह, बबलू (35) पुत्र रामरहीश के अलावा



जनपद अलीगढ़ के विजयगढ़ थानान्तर्गत ग्राम बघिहार निवासी वसंत कुमार (10) पुत्र दिनेश चन्द्र सवार होकर आ रहा था।

शनिवार को दोपहर 1 जैसे ही गाड़ी बागवाला थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गोलाकुआ-नगला भोज के मध्य पहुंची कि तभी अन्यंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में बसंत, देवांश, काव्यांश, धर्मेन्द्र, बबलू घायल हो गया। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## सीएमओ ऑफिस के पास बेहोश मिले युवक की मौत

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नगला पवल निवासी सौदान सिंह (22) पुत्र ओमप्रकाश शनिवार को डाक बगलिया स्थित मेडिकल कालेज की ओपीडी से दवा लेने गया था। तभी वह सीएमओ ऑफिस के पास बेहोश होकर गिर गया। उसकी मां रामकली द्वारा उसको आपातकालीन कक्ष में भर्ती कराया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अस्पताल की तरफसे कोतवाली नगर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की। लेकिन परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए।

## अवैध रूप से हो रहा पशुओं का कटान, दुकानदार परेशान

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** एक गंभीर मामला सामने आया है जोकि मुहल्ला सरायखानम कस्वा व थाना जलेसर के रहने वाले, संजू रजा पुत्र मोहम्मद शमसाद कुरैशी ने उठाया है। वे एक सरकारी हास्पिटल के निकट रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाते हैं और उनके दुकान के पास अन्य व्यापारिक स्थानों के लोग अवैध तरीके से पशुओं की कटाई करते हैं, जिससे कि दुकान और आसपास की दुकानों में हमेशा पशुओं का खून और मांस के छिछड़े का सामना करना पड़ता है।

संजू रजा ने क्षेत्राधिकारी जलेसर को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मुहल्ला में कई दुकानदारों द्वारा यह गैरकानूनी कार्य किया जाता है और उनके बिना किसी डर या संज्ञान के व्यापार करने के लिए अपील की है। उनके द्वारा प्रस्तुत वीडियो और गवाही के अनुसार, यह समस्या पहले भी उठाई थी, लेकिन अब यह स्थिति और गंभीर हो रही है।

### व्यापारियों से इस अवैध धंधे की शिकायत कर कार्रवाई की उठाई मांग

यह समस्या न केवल स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को प्रभावित कर रही है, बल्कि धार्मिक स्थलों और सरकारी अस्पताल को भी प्रभावित कर रही है। जबकि मुहल्ले में सरकारी हास्पिटल और कई धार्मिक स्थल हैं, लेकिन इस अवैध कार्य के कारण लोगों को जानवरों के खून और मांस के छिछड़ों से जूझना पड़ रहा है।

उन्होंने अपने संदेश में व्यापारिक उद्यमों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस समस्या का हल कानूनी कार्रवाई के माध्यम से हो सकता है। अब देखना है कि स्थानीय अधिकारियों और नियामक संस्थानों कैसे कार्रवाई करते हैं, ताकि इस संकट का समाधान हो सके और समाज की सुरक्षा और हानिकारक गतिविधियों से बचाव किया जा सके।

## उल्फत राय इंटर कॉलेज, खेड़ा, बसुन्धरा की छात्राओं की उत्कृष्टता पर गर्व

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** खेड़ा, बसुन्धरा, एटा के उल्फत राय इंटर कॉलेज में छात्राओं ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्टता की नई मिसाल प्रस्तुत की है।

हाई स्कूल परीक्षा में, अनामिका पुत्री अनिल कुमार और लकी पिता का नाम अरविंद कुमार, माता का नाम-रजनी देवी, ने 600 में 565 अंक प्राप्त करके जनपद में टॉप 10 में से 7वां स्थान हांसिल किया। द्वितीय स्थान पर, गरिमा पुत्री अदरणीय ऋषिपाल सिंह और माता कुशुमा देवी, ने 600 में 544 अंक प्राप्त किए और प्रतिशत 90.67 प्राप्त किए। इंटरमीडिएट परीक्षा में, गरिमा पुत्री ऋषिपाल सिंह और माता कुशुमा देवी ने 500 में 448 अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर टॉप किया, जबकि शिवानी पुत्री




धर्मपाल सिंह ने 500 में से 374 अंक प्राप्त किए।

प्रधानाचार्य राजू राम रतन ने बताया कि छात्राओं ने इस उत्कृष्टता की मिसाल को स्थापित किया है, जो उनके परिवार और समाज के लिए गर्व की बात है। इस खुशी के मौके पर, स्कूल के प्रबंधक मंगलसेन व प्रधानाचार्य राजू राम रतन सहित पूरे स्टाफने छात्रों को विद्यालय में मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर, शिक्षक महेश कुमार, लिपिक सुनील कुमार, कर्मचारी राजपाल आदि लोग भी उपस्थित रहे।

# हमारा वोट हमारी पहचान

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**कासगंज।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी सुधा वर्मा के निर्देशन में जनपद में भर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के स्वीप के अंतगर्त चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, मेहंदी और रंगोली से मतदान के लिए किया जागरूक। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला स्वीप प्रभारी डॉ. जयंत कुमार गुप्ता, प्रबंधक दीपक गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।




जिला स्वीप प्रभारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के के लिए मतदान का प्रतिशत बढ़ना आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने अभिभावक और आस-पास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें और सात मई को मतदान के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, मेहंदी, रंगोली आदि से मतदान करने के लिए जागरूक किया। हाथों पर मेहंदी से मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखे। नुक्कड़ नाटक से बच्चों ने मतदान का महत्व बताया। स्वीप से संबंधित रंगोली बच्चों ने सजाई। जिनका अतिथियों ने अवलोकन किया। बच्चों की प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। अंत में मतदान की शपथ दिलाई गई। प्रबंधक दीपक गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह देकर सभी आगंतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर टीमें कर रहीं चैकिंग



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में एफएसटी, एसएसटी सक्रियता के साथ कार्य कर रही हैं। टीमों द्वारा अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत जनपद में चार विधानसभाएं (103-अलीगंज, 104-एटा, 105-मारहरा, 106-जलेसर) अवस्थित हैं, जिसमें प्रत्येक विधानसभा में एफएसटी, एसएसटी, वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो विविंग टीम कार्यरत हैं, जो निर्वाचन से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। आयोग की मंशानुसार सम्पूर्ण जनपदभर में आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन कराया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर अधिकारियों, कर्मचारियों को भेजकर मूलभूत सुविधाएं भी आयोग की मंशानुसार व्यवस्थित कराई गई हैं। सभी मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित तिथि पर अपने पोलिंग स्टेशन पर जाकर मतदान अवश्य करें।

## जनप्रतिनिधि के पुत्र पर धमकाने, दस लाख रुपये मांगने का आरोप

**कासगंज।** शहर कोतवाली पुलिस को एक तहरीर देकर व्यापारी ने जनप्रतिनिधि पर धमकाने और दस लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शहर कोतवाली में दी तहरीर में संजय माहेश्वरी निवासी मोहल्ला जयजयराम ने बताया है कि उसका नदरई गेट पर एक गोदाम है। शुक्रवार की देर शाम एक जनप्रतिनिधि का पुत्र अपने साथ कई युवकों को लेकर गोदाम पर पहुंचा और उसे डराया धमकाया। उसका गोदाम गिराने की धमकी दी। आरोप लगाया कि गोदाम को सुरक्षित रखने के ऐवज में दस लाख रुपये भी मांगे गए हैं। आरोप है कि रुपये नहीं दिए जाने पर अन्य साथियों की मदद से गोदाम को गिराने की धमकी दी है। जिससे वह परेशान है। उसने मामले में जनप्रतिनिधि के पुत्र से अपनी जान माल का खतरा बताया है। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बढ़ने लगी तपिश, झुलसने लगे तन

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**एटा।** अप्रैल माह में ही मौसम में तपिश बढने़ लगी है। गर्मी के बढने़ से तन झुलसने लगे हैं। जबकि व्यक्ति घरों से निकलने से पूर्व इंतजाम करके निकलने लगे हैं। वहीं, रात में होने वाली विद्युत कटौती जनता का चैन छीनने लगी है।

इस बार गर्मी थोड़ी विलंब से आई है। इसलिए होली के करीब एक सप्ताह तो गर्मी का एहसास लोगों को नहीं हो रहा था। बीते दिनों से मौसम गर्माने लगा है। इसलिए व्यक्ति घरों से निकलते वक्त एहतियात बरतने लगे हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, रात में विद्युत कटौती के रोस्टर को जनता ने विद्युत विभाग से बदलने की मांग



की है। अधीक्षण अभियंता कहते हैं कि इस समय तो कटौती की हमारे संज्ञान में कोई शिकायत नहीं आ रही है। गर्मियां शुरू होते ही सभी को अपनी सेहत की चिंता सताने लगी है। जिला अस्पताल में तैनात योग विशेषज्ञ कहते हैं कि गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए पानी खूब पीएं। इसके अलावा हल्का योग, व्यायाम और ध्यान करें। साथ ही ठंडे पेय पदार्थो का उपयोग करें। जिससे गर्मी से बचा जा सके।

# मंगलामुखियों ने दादा मियां की दरगाह पर चढ़ाई चादर

### अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन का हुआ आयोजन



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**कासगंज।** सिढ़पुरा कस्बा में चल रहे दस दिवसीय अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन के दौरान दादा मियां की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। दरगाह तक मंगलामुखी सिर पर कलश रखकर ढोल नगाडों की धुन पर थिरकते हुए पहुंचे। दरगाह पर चादर चढ़ाकर मंगला मुखियों ने देश में अमन चौन की दुआ मांगी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत

### मंगलामुखियों ने ढोल नगाड़ों के साथ किया भ्रमण, उठाए कलश

मंगलामुखी रथ पर सवार जिलाध्यक्ष पूजा किन्नर के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते हुए ब्रज फार्म हाउस से दरगाह के लिए रवाना हुए। मंगलामुखी गंजडुंडवारा रोड, करतला रोड होते हुए दादा मियां की दरगाह पर पहुंचे। यहां उन्होंने मजार पर चादर चढ़ाई। लोगों ने जगह-जगह मंगलामुखियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया, उन्हें जलपान कराया। इस दौरान सन्नो नायक, हिना, जरीना, संजना, काजल, सिमरन, पुष्पा, हिना नायक, पूजा हाजी, मीनाक्षी, मनचली, आरती, रेखा, छोटी, बड़ी, निशा, भावना, हिना, रिचा, रजनी, करिश्मा, बबली समेत अन्य मंगलामुखी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ने ऑटों में मारी टक्कर, ठेकाकर्मी की मौत

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र में भूसे से भरे ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सवार 34 वर्षीय ठेका कर्मी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद ट्रैक्टर और ऑटो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गए हैं। इस हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया है।

आपको बता दे कि थाना सहावर क्षेत्र के गांव बहटा निवासी कुलदीप शर्मा पुत्र हरी प्रकाश रेलवे में प्राइवेट ठेकेदार के साथ रहकर कार्य करते थे। शुक्रवार रात लगभग नौ बजे वह ड्यूटी समाप्त कर गांव बहटा ऑटो से लौट रहे थे। जब ऑटो सदर कोतवाली क्षेत्र में चाड़ी रोड पर ग्राम




हनौता के निकट था कि तभी मार्ग से गुजर रहे भूसे के ट्रैक्टर ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सवार कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए ले जाता इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे शव को देखकर विलाप करने लगे। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि घटना के बाद ट्रैक्टर ऑटो चालक मौके से भाग गए। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# दो बाइकें के आपस में भिड़ी, दो लोग गंभीर रूप से घायल



**अमर प्रभात संवाद**

**बिसौली।** शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के दबतोरी चौकी के अंतर्गत गांव लक्ष्मीपुर के पास दो मोटरसाइकिले आपस में भीड़ गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उरैना निवासी चंद्र प्रकाश पुत्र मटरु लाल व मिहलाल पुत्र अमर सिंह अपने गांव उरैना से बाइक पर सवार होकर दबतोरी क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर किसी काम से गए थे। वापस लौटते वक्त दबतोरी व लक्ष्मीपुर के बीच दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। तभी सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल चंद्र प्रकाश की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन भी मौके पर आ पहुंच गये।

# दुकान का शटर तोड़कर, एक घर में घुसकर लाखों की चोरी

## भुक्तभोगी सुशील के घर में रखे सोने के जेबरात लेकर चोर फरार



**अमर प्रभात संवाद**

**रुदायन ।** पुलिस चौकी क्षेत्र के गाँव कुन्दावली मे में मुख्य मार्ग स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल तथा उसके नजदीकी घर में घुसकर अज्ञात चोर लाखों का माल पार करके ले गये है।शनिवार के सुबह घटना का पता चलने पर दुकान स्वामी ने चौकी प्युलिस को मामले की लिखित जानकारी देकर घटना के वर्कआउट की मांग की है। बतादें कि शुक्रवार के रात में अलग-अलग जगह चोरी की ये वारदात हुई।जिसके अंतर्गत ग्राम कुंदावली निवासी रामपाल की बिल्डिंग मेटिरियल की दुकान का ताला तोड़कर चोर गल्ले में रखी पांच हजार की नकदी चुराकर ले गए।इसी प्रकार ग्रामवासी सुशील कुमार के घर के ताले तोड़कर घर में मौजूद सोने के जेबर और अन्य सामान लेकर फरार हो गए।इस दौरान अज्ञात चोर कुल्हाड़ी एक लोहे की सरिया और एक लकड़ी काटने की दाव घर में ही छोड़ गए थे।इनके अलावा शुक्रवार की रात में ही ग्राम चरसौरा निवासी रतनपाल की समरसेबल व बिल्डिंग मेटरियल की दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर लगभग  समरसेवल के पम्प, प्लास का डब्बा।आठ केबिल के बंडल तथा गल्ले में रखी नकदी लेकर फरार हो गए।घटना के बाद सुबह केबिल के तीन बंडल नजदीक खेत में पड़े मिल गए।इन चोरी की घटनाओं के बाबत पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है ।

# डीईओ ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण, दिये निर्देश



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यरत कार्मिकों से भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभागीय अधिकारी से समन्वय कर प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की सफलता है और आप निर्वाचन से जुड़े कार्य कर रहे हैं, आप बहुत भाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें।  इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त) वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# स्मारक मॉडल प्रतियोगिता में इकरा, तरु और अर्थवी रहीं प्रथम



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं ।** नगर में शनिवार को उझानी रोड स्थित मदर्स पब्लिक स्कूल में विश्व विरासत दिवस पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 9 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता को कराने का  मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक, बौद्धिक एवं मानसिक क्षमता का विकास करना था, ताकि छात्राएं विश्व की महत्वपूर्ण इमारतों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

इस आयोजन के परिणाम अनुसार कक्षा 9 से इकरा ,तरु, और अर्थवी ने प्रथम स्थान, कक्षा 6 से आध्या  ने द्वितीय स्थान, तथा कक्षा 7 से गुनगुन शुमाएला, आध्या सक्सेना तथा आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस मौके पर प्रधानाचार्या शीबा खान ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया तथा आगे भी विभिन्न प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

# जिले में डॉक्टर वर्ग को ब्लैक मेल और उनसे अवैध उगाही करने वाले गिरोह सक्रिय

## गिरोह के लोगो के मनमाने काम न करने पर देते हैं फर्जी मुकदमे व् कानूनी कार्रवाई की धमकी

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले में एक ऐसा गिरोह है जो डॉक्टर वर्ग को करते हैं ब्लेक मेल एवं करते हैं उनसे अवैध वसूली वहीं गिरोह के लोग डॉक्टर वर्ग द्वारा इनके मनमाने काम न करने पर देते, हैं धमकी एवं कानूनी कार्रवाई फर्जी मुकदमे की धमकी ,ये गिरोह के लोग राजनीती व् सामाजिक संगठन सहित अन्य गुटों का रॉब जमाते है ,इस मामले में डॉक्टर वर्ग द्वारा सांकेतिक तौर पर गुस्सा व् रोष जताया गया है एवं प्रशासन व् स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारीयों कार्य में बढ़ा न उत्पन्न हो एवं ऐसे गिरोह के खिलाफ करवाई हो जिसके लिए मिडिया के माध्यम से गोपनीय तौर पर गुहार लगाई है।

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि ये गिरोह जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में डॉक्टरों पर जमाते हैं रोबदारी ,एवं डॉक्टर वर्ग से अवैध वसूली भी करते हैं, गिरोह के लोग डॉक्टर वर्ग द्वारा इनके मनमाने काम न करने पर देते, हैं धमकी एवं कानूनी कार्रवाई फर्जी मुकदमे की धमकी डॉक्टर वर्ग को धमकी देते हैं। ये गिरोह के लोग दिनभर सरकारी व निजी अस्पतालो के इर्ध गिर्द घुमते रहते हैं। तो वहीं स्वास्थ्य विभाग और् प्रशासन एसएस गिरोह पर आँखे मूंदे बैठा है।

अब डॉक्टर वर्ग में ऐसे गिरोह के खिलाफ जताया गया सांकेतिक तौर पर गुस्सा व रोष , वहीं गोपनीय तौर पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से मीडिया के माध्यम द्वारा कार्रवाई करने की गिरोह।

ऐसे मामले से संबंधित अभी तक मेरे संज्ञान में कोई मामला फ़िलहाल आया नहीं है अगर ऐसा कोई मामला आता है या कोई लिखित में शिकायत करता हैं तो उक्त के खिलाफ जांच कर कार्रवाई अमल में लाइ जाएगी।

**डॉक्टर अब्दुल सलाम,**
**सीएमओ बदायूं**

# नगर के गुरुनानक विद्यालय में लगा दन्त परीक्षण शिविर



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** शुक्रवार को पंजाबी चौक स्थित श्री गुरु नानक जूनियर हाई स्कूल बदायूं में  रोहिलखंड इंस्टिट्यूट ऑफ़ डेंटल कॉलेज बरेली की तरफ से दांतों के परीक्षण हेतु एक शिविर लगाया गया जिसमें डॉक्टरों द्वारा कक्षा पी जी  से लेकर 8 तक के बच्चों के दांतों का परीक्षण किया गय। इस दौरान आई हुई डॉक्टर्स की टीम द्वारा बच्चो को दांतो के रख रखाव के बारे में विस्तार से बताया गया।  अंत में विद्यालय परिवार की ओर से आई हुई समस्त टीम को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में स्कूल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह , उपाध्यक्ष  वीना कोचर प्रबंधक एडवोकेट राजेंद्र अनेजा एवं उप प्रबंधक सरदार रणजीत सिंह व विद्यालय की प्रधानाचार्या और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

# ट्रफिक पुलिस मोबाइल में मस्त, सड़कों पर लगता है जाम



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** पुलिस लाइन चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस अपने गणित में तो पास है, मगर नो पार्किंग जोन में खेल अतिक्रमण और जाम की व्यवस्था में ट्रैफिक पुलिस फेल, जबकि प्रशासन के द्वारा इनके स्टैंड शहर के बाहर बनाएं गए है। मगर पुलिस लाइन चौराहे पर ईको गाड़ियां व ऑटो करीब पंद्रह मिनट तक वहां खड़े रहते है। ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल मूकदर्शक बने खड़े रहते हैं अपने मोबाइल को देखते रहते है और जाम लगा रहता है इस दौरान नो पार्किंग जोन का उल्लंघन करते आधा दर्जन से अधिक ईको, ऑटो वाले नजर आ रहे है। अभी काफी ईको चुनाव की वजह से चौराहे पर नही दिख रही है चुनाव होते ही ईको गाड़ियां की पुलिस लाइन चौराहे पर बहुतायत देखने को मिलेगी। ईको गाड़ियां पुलिस लाइन पर सड़क के किनारे खड़ी रहती है यही वजह है कि चौराहे पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।



## (आर)और (एस) मार्का वाली ईको गाड़ियां के द्वारा टीआई को जाती महीनेदारी

**बदायूं।** कई ईको गाड़ियां पर(आर) मार्का और कुछ पर (एस) मार्का बाकी प्राइवेट कमर्शियल और आटो पीले रंग के भी हैं, जिनके चालकों के द्वारा उगाही करके सभी ईको गाड़ियां और पीले वाले ऑटो से महीनेदारी लेकर टीआई को दी जाती जो ट्रैफिक पुलिस के लिए इनकम काफी अच्छा जरिया है। इनको इसलिए पुलिस लाइन चौराहे से ट्रैफिक पुलिस वाले नहीं भागते हैं। इसलिए भी जाम की स्थिति बनी रहती है। अगर उच्चाधकारियों के द्वारा इसकी धरातलीय जांच होती है तो भ्रष्टाचार में ट्रैफिक अधिकारी सिपाही लिप्त पाए जाएंगे।

# पाक्सो एक्ट के अभियुक्त को पांच साल सजा,25 हजार जुर्माना



**बदायूं/उसावां ।** करीब दो साल पूर्व थाने में पंजीकृत मु0अ0सं0 62।22 धारा 354।452 भादवि व 7।8 पॉक्सो एक्ट के तहत विचारित मामले में शनिवार को अदालत ने सजा सुनाई है।जिसके अंतर्गत नामजद अभियुक्त को पांच साल कारावास तथा 25 हजार का अर्थदंड डाला है। ध्यान रहे कि यह मुकदमा अरविन्द पुत्र रामस्वरुप निवासी ग्राम वीरमपुर के खिलाफ हुआ था।जिसकी विवेचना उप निरीक्षक उपदेश कुमार द्वारा करके पॉक्सो न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया था।चूँकि यह मामला ऑपरेशन कन्विक्शन  के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रुप से मॉनीटरिंग सेल ने मजबूती से पैरवी की।इसी के चलते शनिवार को नामजद अभियुक्त को कारावास था जुर्माने की सजा बोली है। ध्यान देंकि अर्थदण्ड की वसूली अभियुक्त से होने के उपरान्त 20 प्रतिशत धनराशि बतौर प्रतिकर पीड़िता को देय होगी।पैरवी करने वाले पैरोकार कां0 विनय कुमार थाना उसावां तथा लोक अभियोजक प्रदीप भारती तथा विवेचक उ0नि0 उपदेश कुमार थाना उसावां का विशेष योगदान रहा।

# देवी पूजन के बाद भक्तों ने भंडारे का प्रसाद बांटा



**अमर प्रभात संवाद**

**बिसौली।** नगर के हथोड़ा देवी मंदिर पर रामभक्तों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व भंडा जीसीरे के आयोजक चितरंजन गुप्ता व डा. स्वाति रंजन ने परिवार के साथ हवन में आहुतियां डालीं। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। चितरंजन गुप्ता ने कहा कि प्रभु राम का मंदिर बनने से सनातन धर्म का पुराना वैभव फिर से सम्पूर्ण विश्व में फैलेगा। इस अवसर पर चितरंजन गुप्ता, डॉक्टर स्वाति रंजन, शरद चंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, राहुल गोयल, अंकुर गुप्ता, सौरभ गुप्ता, शुभंकर गुप्ता, रजत गुप्ता, विपुल गोयल, नेत्रपाल यादव, पुरुषोत्तम यादव, अनूप शर्मा, विपिन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# महावीर जयंती के उपलक्ष में प्रतियोगिता होगी

**बदायूं ।** रविवार को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में लिसनिंग मेक्स योगी 21 फाउंडेशन का शुभारंभ किया जा रहा है।जिसमें छात्र वर्ग में सुनने की क्षमता का मूल्यांकन करते  हुए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।संस्था के फाउंडर राजन मेहंदीरत्ता  ने बच्चों में सुनने की कला के विकास पर जोर देते हुए कहा है कि यदि वह अपनी कक्षा में ध्यान पूर्वक अध्यापक की बातों को सुनता है तो एक सफल परिणाम को प्राप्त करता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट लिसनर प्रिंस व प्रिंसिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागी को 7 मिनट का एक ऑडियो सुनाया जाएगा जिसे ध्यान पूर्वक सुनकर उसे सुनी बातों को एक कॉपी पर लिखकर देना होगा। यह प्रतियोगिता दो वर्गों  कक्षा 10 व 12 मां होगी ।

# बेटी की विदा करते समय मां स्वर्ग सिधारी

**बदायूं ।**समीपवर्ती उपनगर उझानी विकास खंड क्षेत्र के गांव नरऊ निवासी उमेश सोलंकी उर्फ विन्टू की बेटी की शादी गुरूवार को थी जिसे सम्पन्न करने के लिए वधु पक्ष पूरनपुर(पीलीभीत) गए थे। बताते हैकि वहां सभी वैवाहिक रस्मे सम्पन्न  होने बाद विदाई के समय परिजन और रिश्तेदार महिलाए नववधू को गले मिलकर विदा कर रहे थे ।इसी समय ग्रामवासी उमेश की पत्नी की अचानक हार्ट अटैक पडने से मौत हो गयी।इस आकस्मिक हादसे के बाद जैसे तैसे बहु की विदा करके आनन-फानन में परिजन शव लेकर पैत्रक ग्राम नरऊ आये तथा देर रात में शव का कछला तट पर  अंतिम संस्कार कर दिया।

# धार्मिक उत्सव में श्रीराम चरित्र का गुणगान हुआ



**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** शनिवार को समरेर प्रखंड के ग्राम सुखौरा मे विश्व हिन्दू परिषद् के बैनर तले ग्रामवासी अरेंद्र पाल सिंह के प्रतिष्ठान पर राम-उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार प्रमुख जगपाल जी ने कहा की रामोत्सव का विचार व्यक्तियों और परिवारों को राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने और उनका अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित करना है ।उन्होंने कहा इससे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और लव जिहाद की चुनौती के खिलाफ एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा । विशेष संपर्क प्रमुख नीरज शर्मा ने  प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप, शबरी प्रसंग, जटायु ,केवट आदि प्रसंग का वर्णन किया एवं विहिप स्थापना के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला । इस मौके पर नरेंद्र सिंह हर प्रसाद सिंह राजू पाल कुणाल राठौड़ आदि लोग मौजूद रहे ।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने पति को दी तलाक की मंजूरी, कहा- जीवनसाथी के नियोक्ता से उसकी शिकायत करना क्रूरता

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि जीवनसाथी (पति/पत्नी) की प्रोफेशनल प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गई अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने एक दंपती के विवाह को खत्म करने की अनुमति देते हुए कहा कि ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को दर्शाता है, जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।



याचिकाकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उसे शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं।

बेंच ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, ''चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे प्रोफेशनल प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।''

अदालत ने कहा, ''ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है।''

दंपती का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। अदालत ने आदेश में पति के इस आरोप को भी संज्ञान में लिया कि पत्नी ने अपने ससुर के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए मैसेज भेजा और कहा कि यह रिश्ते के भीतर सम्मान और लिहाज की कमी को दर्शाता है। बेंच ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई, जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया। अदालत ने कहा, ''याचिकाकर्ता (पति) के पिता के प्रति अपमानजनक भाषा वाला मैसेज भेजने और उसके नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।'' अदालत ने कहा, इसके अलावा पति-पत्नी के बीच लंबे समय तक चलने वाली मुकदमेबाजी सौहार्दपूर्ण समाधान की संभावना को कमजोर करती है क्योंकि यह दुश्मनी को बढ़ाती है और रचनात्मक रूप से आगे बढ़ने की उनकी क्षमता में बाधा डालती है। इसमें कहा गया है कि लंबे समय तक मुकदमेबाजी में लगातार शामिल रहना - जिसमें उनके बेटे की संरक्षकता और घरेलू हिंसा के आरोप शामिल हैं।

# मतदान प्रतिशत में बने बदायूं एक मिसाल, सभी मिलकर करें प्रयास : सामान्य प्रेक्षक

## टीमवर्क के साथ निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराये, सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों के साथ की बैठक




**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि टीम वर्क व परस्पर समन्वय के साथ निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराये। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने निर्वाचन के दृष्टिगत की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक ने की गई तैयारों पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। सामान्य प्रेक्षक ने स्वीप गतिविधियों पर आधारित पुस्तिका का फीता काटकर विमोचन भी किया। इस अवसर पर पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नारनवरे भी मौजूद रही।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि अभिनव पहल को बढ़ावा देते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत के मामले में बदायूं एक मिसाल बने, इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए उनकी भी भागीदारी मतदान प्रतिशत बढ़ाने में करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वोटर पर्ची का शत प्रतिशत वितरण कराया जाए। उन्होंने एपिक कार्ड के वितरण व प्रशिक्षण सत्र के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से डिस्टिक सिक्योरिटी प्लान के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों व बूथों पर आयोग द्वारा निर्धारित एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज का होना सुनिश्चित कराया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने जनपद में किए गए अभिनव पहल व चुनाव के संबंध में की गई विभिन्न तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न कराया जाएगा। मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशा अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज भी कराई गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने बताया कि 1 से 5 मई के मध्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक दिन एक शपथ कार्यक्रम हर बूथ पर आयोजित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान केद्रों पर छाया, पेयजल की भी व्यवस्था कराई जा रही है तथा मंडल स्तर पर बनाई गई मोबाइल एप का भी प्रचार प्रसार कराया जाएगा, जिसके माध्यम से मतदाता अपने बूथ को ट्रेस कर सकेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मतदान के दिन जनपद में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। उन्होंने पुलिस कार्मिकों के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं तथा वुलनरेबल व क्रिटिकल बूथ पर पुलिस के कम से कम समय में पहुंचने के संबंध में भी जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि जनपद में में 85 वर्ष से अधिक आयु के व पीडब्ल्यूडी वोटर कुल मिलाकर 235 हैं। इस अवसर पर स्वीप गतिविधियों के संबंध में की गई किए गए विभिन्न कार्यो व प्रशिक्षण सत्र के बारे में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने प्रस्तुतीकरण दिया तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने चुनाव की तैयारी व अन्य व्यवस्थाओं पर पीपीटी के माध्यम से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) रेनू सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा, सभी उप जिलाधिकारी व विभिन्न टीमों के प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### 23 बदायूं लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि 23 बदायूं लोकसभा क्षेत्र जिसमें पांच विधानसभाएं आती हैं जिनमें से चार जनपद बदायूं की है जिनमें बिसौली, सहसवान, बिल्सी और बदायूं तथा एक विधानसभा जनपद संभल की गुन्नौर है। उन्होंने बताया कि पूरे 23 बदायूँ संसदीय क्षेत्र में 1367 मतदान केंद्र तथा 2117 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 23 बदायूं संसदीय क्षेत्र में 1074637 पुरुष मतदाता, 933066 महिला मतदाता तथा 111 अन्य मतदाता इस प्रकार कुल 2007814 मतदाता हैं।

# 23 अप्रैल को निकाली जाएगी हनुमान जयंती शोभायात्रा

## हनुमान जयंती के लिए मजिस्ट्रेट हुए नामित

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने बताया कि हनुमान जयंती में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को हनुमान जयंती का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया की शोभायात्रा लाल हर प्रसाद मंदिर से प्रारंभ होकर पुरानी चुंगी टिकटगंज, हलवाई चौक, खैराती चौक, नेहरू चौक, गोपी चौक, जोगीपुरा, छः सडका, गांधी ग्राउंड, शिव चौक, सुभाष चौक, मढ़ई चौक, पथिक चौक होकर, बिरूआ बाड़ी मंदिर पर समाप्त होगी। शोभा यात्रा के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट की तनाती की गई है।

उन्होंने बताया कि नगर मजिस्ट्रेट नगर में शांतिपूर्ण समापन तक स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि रखेंगे। शोभा यात्रा के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट की तनाती की गई है। जिसके अनुसार उप जिलाधिकारी सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा मोबाइल नंबर 9454415832 शोभायात्रा के आगे रहेंगे, तहसीलदार सदर सुरेंद्र कुमार मोबाइल नंबर 9454415842 शोभायात्रा के मध्य रहेंगे तथा नायब तहसीलदार सदर हेमराज सिंह बोनाल मोबाइल नंबर 8809658588 शोभा यात्रा के पीछे रहेंगे।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि तैनात मजिस्ट्रेट शोभायात्रा के दौरान नगर मजिस्ट्रेट के निर्देशों के अनुसार शोभायात्रा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। नगर मजिस्ट्रेट उक्त शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए उत्तरदायी होंगे। वर्तमान में जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 प्रभावी है जिसके प्रतिबंधों को अक्षरशः पालन कराए जाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

# उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय के लेखा परीक्षण के लिए तिथियां निर्धारित

## सभी निरीक्षण जिला पंचायत सभागार में होंगे

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को उनके निर्वाचन व्यय का लेखा निरीक्षण के संबंध में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह जनवरी 2024 अनुलग्नक ग15 में दी गई व्यवस्था के अनुसार अभ्यर्थियों के रजिस्टर का निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को प्रथम निरीक्षण, 28 अप्रैल को द्वितीय तथा 5 मई को तृतीय निरीक्षण होगा, सभी निरीक्षण जिला पंचायत सभागार में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक निरीक्षण के दौरान लेखा टीम द्वारा सहायक व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में अभ्यर्थी का निर्वाचन खाता रजिस्टर दैनिक आधार पर जांच जाएगा और इसे जिला निर्वाचन अधिकारी के पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ इसकी एक प्रति सूचना पटल पर लगाई जाएगी सहायक व्यय प्रेषक तथा लेखा दल उक्त समय और स्थान पर छाया प्रेक्षण रजिस्टर तथा साक्ष्यों के फोल्डर के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जांच करेंगे।

उन्होंने बताया कि यदि कोई अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन एजेंट अपना निर्वाचन व्यय रजिस्टर उस परियोजनार्थ निर्धारित तिथियो एवं समय के अंतर्गत निरीक्षण के लिए प्रस्तुत नहीं करता है तो रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उसे नोटिस जारी किया जाएगा। यदि वह नोटिस में उल्लिखित तिथि को फिर से निरीक्षण के लिए रजिस्टर प्रस्तुत करने में असफल होते हैं तो ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध रूप से बिक रही शराब पर रोक लगाने की मांग



**अमर प्रभात संवाद**

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मचोना की मढैया में धर्मेंद्र नाम का व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से देसी दारू के पावा बेचता है जिसका विरोध श्याम पाल ने किया तो दबंग धर्मेंद्र ने श्याम पाल को धक्का दे दिया जिससे पीड़ित के चोट आई। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है।

बता दें श्याम पाल का पुत्र मुकेश उर्फ भूरा दारू का सेवन करता है जिससे पूरा परिवार परेशान रहता है। पीड़ित का कहना है कि यहां पर दारू 24 घंटे उपलब्ध रहती है। जिस कारण बेटे की बुरी आदत पड़ती जा रही है। पीड़ित ने अवैध रूप से दारु बेच रहे धर्मेंद्र पर पाबंदी लगाने की मांग की है जिससे गांव में दारू ना बिक सके। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित में शिकायती पत्र देकर कार्रवाही की मांग की है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में दी आहुतियां, लोगों ने की परिक्रमा



**अमर प्रभात संवाद**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल में फुलवार मंदिर परिसर में शनिवार को लक्ष्मी नारायण यज्ञ शुरू हुआ। वैदिक मंत्रों के साथ यहां बाहर से आचार्यो ने आहुतियां दी। शाम को यहां लोगों ने यज्ञ की परिक्रमा कर अरणी मंथन भी किया।

बताते है कि यहां लक्ष्मी नारायण भगवान का यह यज्ञ 23 अप्रेल को पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगा। इस बीच बाहर से पधारे आचार्यों द्वारा यजमानों से पूजन कराने के बाद यज्ञ आहुति नित प्रतिदिन कराई जाएंगी। इसके अलावा रात्रि में वृदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन भी किया जा रहा है। यज्ञाधीष दामोदर आचार्य एवं 11 अन्य आचार्य विधि विधान से यहां रोजाना पूजन और आहुति कराएंगे।

इस मौके पर लता गुप्ता, नेत्रा गुप्ता, अंजू रानी, विपिन सिंह, पवन उपाध्याय, कपिल गुप्ता, अतुल सिंह, सर्वेश उपाध्याय, सत्यप्रकाश दुबे, कल्लू मिश्रा, रामबाबू गुप्ता, दिपेंद्र गुप्ता, जितेंद्र सिंह, अमित उपाध्याय व अभय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख, पुलिस को दी तहरीर

## पड़ोसी किसान पर पराली जलाने के कारण आग लगने का आरोप



**अमर प्रभात संवाद**

**कुंवरगांव।** थाना क्षेत्र के गांव यूसुफ नगर में चार किसानों के खेत में कटी पड़ी गेहूं की फ़सल में अचानक आग लग गई जिससे 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

किसानों के खेतों में इस समय गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है वहीं यूसुफ नगर के किसान मुनेंद्र, रवेन्द्र, जगतपाल, नेमपाल के खेत में गेहूं की फसल की कटाई चल रही थी। शनिवार दोपहर अचानक खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। आग ने 8 बीघा गेहूं की फसल को अपनी चपेट में लिया। आग की लपटे देख किसान खेतों की ओर दौड़ पड़े। किसानों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक फायर ब्रिगेड गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक लगभग 8 बीघा फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने इसकी सूचना हल्का लेखपाल को भी दी है। किसानों ने पड़ोसी किसान पर पराली जलाने के कारण आग लगने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।



# एचटी लाइन की चिंगारी से गेंहू का लाक जलकर राख

## तेज हवाओं के कारण हुआ हादसा



**अमर प्रभात संवाद**

**उझानी।** ब्लाक क्षेत्र के गांव वनगवां में आज सुबह खेत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन से निकली चिंगारी ने किसान द्वारा गेंहू निकवाने के लिए एक स्थान पर एकत्र किए गए पांच बीघा गेंहू का लाक जलकर खाक हो गया। आग से जल कर फसल नष्ट होने से किसान की पूरे वर्ष की मेहनत भी आग से जलकर नष्ट हो गई है।

गांव वनगवां निवासी कुंवरपाल सिंह चौहान ने अपने खेत में खड़ी पांच बीघा फसल को काट कर उसका लाक एक स्थान पर एकत्र कर दिया था ताकि उसे निकलवाया जा सके। बताते हैं कि मशीन वाले ने शाम को लाक से गेंहू निकालने की बात की तब किसान कुंवारपाल गेंहू का लाक खेत में छोड़ कर घर चले गए। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे खेत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन में तेज हवाओं के कारण टकराव हो गया जिससे उसमें से निकली चिंगारी खेत में जा गिरी। बताते हैं कि चिंगारी से खेत में बाकी रह जाने वाली कुरी में आग लग गई जो पांच बीघा गेंहू के लाक तक पहुंच गई जिससे देखते ही देखते पांच बीधा फसल आग से जल नष्ट हो गई। बताते है कि गेंहू के लाक में आग लगने पर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए खेत स्वामी को सूचना दी लेकिन तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई। किसान कुंवरपाल सिंह चौहान ने बताया कि अगर उनकी फसल से गेंहू निकल जाता तो शायद यह हादसा उन्हें नही देखना पड़ता। गनीमत रही कि आसपास अन्य किसी की फसल नही रखी थी अन्यथा वह भी आगजनी का शिकार हो जाती।

# बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाकर किया श्रृंगार, बांटा प्रसाद



**अमर प्रभात संवाद**

**बिल्सी।** नगर के तहसील रोड स्तिथ शिव शक्ति ओम मंदिर पर शनिवार को श्री बालाजी भक्त मंडली के सेवादारों ने बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाया भव्य श्रृंगार किया।

यहां सबसे पहले श्री बालाजी महाराज को गंगा जल से स्नान कराया गया। फिर राम नाम का जप करते हुए बाबा को चोला चढ़ाने का कार्य शुरू किया गया। फिर बाबा को चांदी के वर्क अर्पण कर श्रृंगार किया गया। भक्तों का कहना है कि जो भी व्यक्ति बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। उस पर बाबा की विशेष कृपा बनी रहती है। बाद में यहां हुनमान चालीसा का पाठ किया गया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर सौरभ देवल, जितेन्द्र शर्मा, मंयक गुप्ता, अभिषेक देवल, निशांत देवल, ऋतिक देवल व उदयराज कोहली आदि मौजूद रहे।

# पोस्टर मेकिंग एवं ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल में आज प्रार्थना सभा में पोस्टर मेकिंग एवं ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानाचार्या द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा एक ब से अनन्या वर्मा, कक्षा दो अ से अथर्व यादव, कक्षा तीन स से काव्य गंगवार, कक्षा चार ब से भूमि एवं कक्षा पांच ब से निंजा शेख को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा छह से कक्षा नौ तक की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा छह अ से अंश प्रताप, कक्षा सात स से राधिका, कक्षा आठ अ से साक्षी भारती एवं कक्षा नौ ब से लावण्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिनको प्रधानाचार्या द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने विजेताओं को बधाई देते हुए बताया कि विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना अत्यंत आवश्यक होता है।

# एफएलएस से शुरु किया गया पर्यावरण सरंक्षण अभियान

## वृक्षारोपण समिति ने 51 पौधे रोपकर किया शुभारंभ



**अमर प्रभात संवाद**

**बिल्सी।** नगर के बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल (एफएलएस) में शनिवार को जिले में पर्यावरण सरंक्षण के लिए कार्य कर रही अरिहंत वृक्षारोपण समिति के संस्थापक प्रशांत जैन यहां 51 पौधे रोपकर अभियान की शुरुआत की। साथ ही सत्र 2023-24 के एकेडमिक में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

अरिहंत वृक्षारोपण समिति के संस्थापक प्रशांत जैन ने कहा कि मनुष्य, प्रकृति और जीवन के अनूठे तालमेल को संतुलित बनाए रखने के लिए मौसमी और औषधीय पौधों को लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए आज से दो अक्टूबर तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र में 51 हजार पौधों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आचार्य संजीव रूप, विष्णु असावा, प्रशांत दीक्षित, अनुज शर्मा, अमित माहेश्वरी आदि ने यहां पौधे लगाए। विद्यालय डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि अगर हम अधिक से अधिक पौधरोपण करेंगे तो धरती पर हरियाली होगी, वातावरण स्वच्छ व शुद्ध होगा। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने पौधारोपण के दौरान सभी विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व को विस्तार से बताया। इस मौके पर एकेडमिक हेड सीके शर्मा, डिसिप्लिन इंचार्ज बृजेशपाल सिंह, जुनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर राखी गुप्ता, केशव शर्मा, रूबी मौर्य, सोनी शर्मा, तान्या जैन, रूमा सक्सेना, दीक्षा गुप्ता, साक्षी, अलीशा, ट्विंकल जैन, प्रशांत सिंह, अंजली सिंह, शिवानी गुप्ता, दीक्षा वार्ष्णेय, निशा बी, आंचल, विशेष चौहान, शिफा, दीक्षा यादव, आकांक्षा कुशवाह, कनिष्का सोमानी, रवीना, अमन सिंह, पूनम पाल, मनीष, सत्यवान, राधिका माहेश्वरी व अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

# अकेडमी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रही है : कलीमुल

## मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित

**अमर प्रभात ब्यूरो**

**सहसवान।** अल हफीज एजुकेशन एकेडमी में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व एकेडमी के चैयरमैन कलीमुल हफीज़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में मेधावी छात्र व छात्राओं को अतिथियों द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विशिष्ट अतिथि उप निरीक्षक रजनीश कुमार ने बच्चों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा ऐसे ही प्रतिभा शाली बच्चे आगे चलकर देश में नाम रोशन करते हैं। अकेडमी के चैयरमैन कलीमुल हफीज़ ने कहा कुछ वक्त पहले इस इलाक़े में एक भी इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल नहीं था और इस इलाक़े में इस तरह के स्कूल की सख्त ज़रूरत थी। सन 2011 में उनके द्वारा इस विद्यालय की स्थापना करवाई गई। तब से लेकर अब तक अकेडमी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रही है। उन्होंने कहा इस विद्यालय से पढ़े तीन छात्रों ने पिछली साल ही देश की सबसे बड़ी मेडिकल नीट परीक्षा को पास कर सरकारी एमबीबीएस की सीट हासिल की है।

इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय केरल में कार्यरत व इस विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद उवैस ने भी बच्चों का होंसला बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य मयंक सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्रेजुएशन सेरेमनी में यह बच्चें हुए सम्मानित

**सहसवान।** अल हफीज एजुकेशन एकेडमी में ग्रेजुएशन सेरेमनी का में कक्षा एनसी रिदा फातिमा प्रथम, कक्षा एलकेजी आयज़ा नकवी प्रथम, कक्षा यूकेजी एहसन रज़ा प्रथम, कक्षा एक सैयद मोहम्मद जोहान प्रथम, कक्षा दो आयत प्रथम, कक्षा आठ ज़हरा नदीम प्रथम, कक्षा नौ रियाज़ फातिमा प्रथम, कक्षा ग्यारह से सैयद अलवीना आदिल प्रथम रहे और बेस्ट अटेंडेंस ऑफ़ द इयर का अवार्ड कक्षा आठ से फ़राज़ तथा बेस्ट डिसिप्लिन्ड स्टूडेंट ऑफ द इयर पुरूस्कार कक्षा छः के दक्ष शाक्य को दिया गया ।

**सम्बंध विच्छेद**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र फुरकान व उसकी पत्नी रेशमा व बच्चों को गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके चरित्र में कोई सुधार नहीं हो रहा है। वह मुझे बुढ़ापे में परेशान कर रहा है। वह किसी भी घटना को अंजाम दे सकता है। भविष्य में फुरकान के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेनदेन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरी एवं मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**फय्याज अहमद उर्फ खंजाची पुत्र हुसैनी नि. मो. गदरपुरा वार्ड संख्या-12 बिसौली, जिला बदायूं**

# यूपी बोर्ड परिणाम : हाईस्कूल में नियति और इंटर में पार्थ रहे जिला टॉपर

**उझानी की छात्रा व बदायूं-बिल्सी निवासी छात्र ने प्रदेश में सातवा स्थान पाकर जनपद का झंडा बुलंद किया, वार्षिक परीक्षाफल में जिला व स्कूल टॉपर छात्र वर्ग को बधाई देने वाले उत्साहित**





अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** 20 अप्रैल, शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 10वी एवं 12वीं का वार्षिक परिणाम दोपहर के समय जारी हुआ।जिसके बाद प्राप्त अंको के आधार पर जहां जिले के सभी स्कूलों में टॉप-10 की सूची तैयार हुई तो वही जनपद के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रादेशिक स्तर पर तैयार टॉपर सूची में स्थान हासिल करने का पता चलने पर उझानी एवं बिल्सी निवासी छात्र-छात्रा के परिजनों और परिचितों की खुशिया हजार गुना आंकी गयीं।होनहार छात्र वर्ग द्वारा जिले के नाम का झंडा सम्पूर्ण प्रदेश में बुलंद करने पर उन्हें अपार बधाईयां मिल रही हैं।

गौरतलब होकि शनिवार को जारी हुए वार्षिक परीक्षाफल के अंतर्गत हाईस्कूल में जिले के अयोध्या प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज उझानी की छात्रा नियति वार्ष्णेय ने 97.33 प्रतिशत अंको के साथ जिला टॉप किया है तथा और उपनगर बिल्सी स्थित भू देवी इंटर कॉलेज के छात्र रोहित चौहान ने 97 प्रतिशत अंको के साथ जिले में दूसरे नम्बर पर रहे है। अपने स्कूल और जिले में सर्वोत्तम



अंक हासिल करने वाले इन छात्र-छात्रा ने जिले का नाम प्रदेश स्तर पर टॉप-10 में लाकर गुरुजन, माता-पिता और शुभचिंतको का सम्मान बुलंद किया है।वहीं अयोध्या प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज-उझानी के छात्र प्रताप यादव ने 96.50 अंक पाकर जनपद में तीसरे स्थान पर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त इसी दिन जारी इंटरमीडिएट के रिजल्ट पर गौर करे तो 12वीं कक्षा में बदायूं के श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र पार्थ वैश्य ने 96.60 प्रतिशत अंक के साथ जिले में प्रथम और उझानी के संतोष कुमारी श्रवण कुमार अग्रवाल इंटर कॉलेज की छात्रा पल्लवी शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में दूसरा स्थान पाया है।जिले में सर्वोच्च अंक हासिल होने के साथ इंटर क्लास के इन छात्र-छात्रा पार्थ और पल्लवी ने प्रादेशिक स्तर पर तैयार के टॉपर-10 सूची में जगह पाकर जनपद का झंडा बुलंद कर दिया है।साथ ही इंटर मीडिएट कक्षा में ही शहर स्थित शिवदेवी सरस्वती विधा मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र विवेक पाल ने 95.80 अंक हासिल कर जिले में पाया तीसरा स्थान पाकर गुरुजनों, परिजनों और सहयोगियों का मान-सम्मान बढाया है।हाईस्कूल-इंटर के वार्षिक परीक्षा परिणाम में अव्वल रहे इन छात्र-छात्राओं के घरो पर शनिवार की दोपहर बाद से शुभचिंतको द्वारा बधाईयाँ और मिठाई देने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

## श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र ने प्रदेश में फहराया परचम

**पार्थ वैश्य ने मंडल तथा जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इंटरमीडिएट की विधि साहू ने जनपद में दसवां स्थान प्राप्त किया**








**बदायूं।** मीरा चौकी स्थित श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के छात्र छात्र पार्थ वैश्य ने उत्तर प्रदेश के टॉप 10 छात्रों में सातवां स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वही इंटरमीडिएट की छात्रा विधि साहू ने जनपद में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

छात्र-छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं व्यवस्थापक ओमप्रकाश वैश्य, शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख राजकुमार सिंह सेंगर, अशोक कुमार, कमलेश कुमार, अनोज सक्सेना, अनुज पटेल, ललित मौर्य व राजीव कुमार गंगवार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

भगवान परशुराम विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का शत-प्रतिशत परिणाम रहा है। अभिपाल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके इण्टर मीडिएट में विद्यालय टॉप किया है। वही शिवम ने हाईस्कूल में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय टॉप किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

**बिसौली।** सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के छात्र नुकुल ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं।

नुकुल ने हिंदी 97, अंग्रेजी में 93, गणित में 97, सामाजिक विज्ञान में 93, कला में 95, विज्ञान में 89 अंक प्राप्त किये हैं। नुकुल बेहद गरीब परिवार से है। पिताजी मजदूरी करते है। वह बड़ा होकर सिविल सेवा की तैयारी कर प्रशानिक अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहता हैं।

**सहसवान।** पन्नालाल इंटर कॉलेज की दसवीं की छात्रा शिफा रहमान ने कॉलेज का नाम रोशन किया है। नगर के पन्ना लाल इंटर कालेज की कक्षा 10 की छात्रा शिफा रहमान हाई स्कूल की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हुई हैं। शिफा रहमान क़ाज़ी मोहल्ला निवासी सैयद मोहम्मद स्वाले की पुत्री हैं, उन्हीं के मार्गदर्शन में 540/600, गणित विषय में 97 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हुई है। उनकी इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है।

**कादरचौक।** एसकेबी आदर्श इंटर कालेज लभारी के छात्र अप्रिय कुमार पुत्र संजीव कुमार निवासी ग्राम ककोड़ा ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 82.30 प्रतिाशत अंक प्राप्त किए। देवकी देवी महात्मा गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज ककोड़ा बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजेश मौर्य ने सभी छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की है। छात्र छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरूजनों व कॉलेज के प्रबंधक पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य को दिया है।

### इंटरमीडिएट के टॉप 10 छात्र एवं छात्राएं

**बदायूं।** पार्थ वैश्य 96.6 प्रतिशत, विधि साहू 93.8 प्रतिशत, जाह्नवी निगम 91.2 प्रतिशत, वैष्णवी सिंह 90.5 प्रतिशत, तनिष्क अरोड़ा 89.8 प्रतिशत, प्रगति शर्मा 89.8 प्रतिशत, रूबी 88.8 प्रतिशत, गौरवी साहू 88.8 प्रतिशत, 88.2 प्रतिशत, मोहिनी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### हाई स्कूल के टॉप टेन छात्र-छात्राएं

**बदायूं।** नित्या 92.66 प्रतिशत, अनन्य माहेश्वरी 92 प्रतिशत, निशांत 90.83 प्रतिशत, आर्या पाराशर 90.66 प्रतिशत, अमन यादव 90.16 प्रतिशत, योगिता बघेल 89.66 प्रतिशत और अक्षत ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**इंटरमीडिएट परीक्षा**



कॉलेज का नाम- भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज बिल्सी
छात्रा का नाम- शिवानी शाक्य
पिता का नाम-किशोरी लाल शाक्य
अंक-500 में से 472

**इंटरमीडिएट परीक्षा**



कॉलेज का नाम- भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज बिल्सी
छात्रा का नाम- सोमेश कुमार
पिता का नाम-सुदीप कुमार
अंक-500 में से 450

**हाईस्कूल परीक्षा**



कॉलेज का नाम- भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज बिल्सी
छात्रा का नाम- उपलक्ष्य शर्मा
पिता का नाम-अनिल कुमार
अंक-600 में से 568

**हाईस्कूल परीक्षा**



कॉलेज का नाम- भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज बिल्सी
छात्रा का नाम-ईशा
पिता का नाम- विनीत कुमार
अंक-600 में से 540

**हाईस्कूल परीक्षा**



कॉलेज का नाम- भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज बिल्सी
छात्रा का नाम- शुभम सागर
पिता का नाम-दुर्योधन सिंह
अंक-600 में से 568

## सभी विद्यालयों के टापर्स होगें सम्मानित

**बदायूं।** तुलसी साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था प्रत्येक विद्यालय के टापर को सम्मानित करेगी। संस्था के सचिव पवन शंखधार ने बताया कि कि जनपद के सभी विद्यालयों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट टापर्स को संस्था सम्मानित करेगी।इस तरह सम्मानित करने से बालकों का उत्साह वर्धन होता है।

## हाई स्कूल में नियति ने प्रदेश में प्राप्त किया सातवां स्थान



अमर प्रभात संवाद

**उझानी।** नगर की छात्रा ने हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में 97.33 अंक पाकर जिले की टॉपर छात्रा बन गई है। छात्रा ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में भी अपना नाम सातवें स्थान पर दर्ज कराया है।

संतोष कुमारी अयोध्या प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर उमा विद्यालय की छात्रा नियति ने हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जिले में अपना परचम लहरा दिया है। नियति ने कुल अंक 600 में से 584 अंक प्राप्त किए है। उसने गणित में शत प्रतिशत और सामाजिक विज्ञान, अग्रेजी में 97 तथा विज्ञान में 98 एवं कला में 95 अंक प्राप्त किए है। नियति ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान पाकर नगर और पूरे जनपद का नाम रोशन किया है।

नियति वार्ष्णेय हलवाई पिता रामनरेश वार्ष्णेय की पुत्री है उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उसका कहना है कि सफलता को उसने कड़ी मेहनत से पाया है। परिवार में उसकी एक बहन ईशा नीट की तैयारी कर रही है। नियति की सफलता पर उसका पूरा परिवार बेहद खुश है। विद्यालय परिवार ने भी उसकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

## 12वीं टॉपर पार्थ का बीसीए करके अच्छी जॉब और समाज सेवा करने का सपना

**प्रतिदिन 5-6 घंटे पढ़ाई की, उनकी मां बनी इंस्पायर**




अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** शनिवार को जारी हुए इंटरमीडिएट क्लास के परीक्षा परिणाम बाद नगर निवासी पार्थ वैश्य का शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश, मडल और जनपद में नाम परवान चढ़ चुका है।परिणाम के पश्चात अमर प्रभात संवाददाता से छात्र पार्थ वैश्य ने ख़ास बातचीत करके अग्रिम भविष्य को सोचे सपने को सच करने के बारे में बताया।

अवगत करादें ने 12वीं कक्षा में जिला योप तथा प्रदेश में सांतवा नम्बर लाने वाले पार्थ वैश्य नगर के मोहल्ला मिर्घा टोला में रहते है।पारिवारिक स्थिति के बारे में जानकारे देदे कि छात्र के पिता विनय कुमार गुप्ता स्वर्ग सिधार चुके है।जिनके देहाव्शान के बाद से सुधा रानी वैश्य पत्नी स्व.विनय कुमार अपने दोनों पुत्रो पार्थ और आराध्य का पालन पोषण और उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान फोकस किये रहती है।जिनकी पारिवारिक तपस्या का परिणाम होनहार पुत्र पार्थ ने प्रदेश में नाम रोशन करके दिया है। घर पर मिले पार्थ ने भी इस सफलता का श्रेय अपने स्कुल प्रधानाचार्र्य, गुरुजनों के बाद अपनी मां को ही दिया है।पार्थ ने बताया कि प्रतिदिन घर पर 5-6 घंटे की पढ़ाई में मां (सुधारानी)ही उनकी इंस्पायर रही है। इंटर क्लास टॉपर पार्थ वैश्य का कहना हैकि वो बीसीए करना चाहते है।जिसके किसी अच्छी नौकरी के मिलने पर उनकी प्राथमिकता जरुरतमंदों की सेवा करना है।साथ एनजीओ के माध्यम से भूंखे को अन्न और वस्त्र पहुंचना पार्थ का सपना है। रूचि और आईडियल के बारे में छात्र ने कहा कि क्रिकेट में खिलाड़ी विराट कोहली के फैन है जोकि हारकर भी आगे के लिए दुगना उत्साह संचार करते है।पार्थ वैश्य ने अपने सभी सहयोगी साथियों को भी सफलता पर धन्यबाद प्रेषित किया है।

## वार्षिक परीक्षाफल में छात्रा वर्ग का परचम लहराया

**विविध स्कूल की छात्राओं ने एक छोड़ कई विषय में सफलता हासिल की**






अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।**20 अप्रैल को जारी हाईस्कूल-इंटर मीडिएट के वार्षिक परीक्षाफल घोषणा के बाद फौरी तौर पर आकलन अनुसार इस बार भी जिले में छात्रा वर्ग की सफलता का जलबा कायम रहा है।तमाम ऐसी छात्राएं संज्ञान में आरही है जिन्होंने कई विषयों में डिकटेंशन पाकर प्राप्तांको में बढ़ोत्तरी और सफलता से मात-पिता और शिक्षक स्टाफ का मां बढ़ाया है।

इस क्रम में ध्यान दें कि सोमशंकर इंटर कालेज मोहम्मदपुर बिहार की छात्रा शावा पुत्री बाबु अली ने इंटर क्लास में 455 अंको के साथ परीक्षा उतीर्ण की है।शावा ने रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान में विशेष अंक अर्जित करके यह सफलता पायी है।छात्रा ने इसका श्रेय अपनी मां विलकीस को दिया है। इसी प्रकार इंटर की छात्रा राधिका पुत्री कमलेश माहेश्वरी को भी 85 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा पास करने पर बधाईया मिल रही है। विधा भारती बुक डिपो संचालक की पुत्री राधिका माहेश्वरी ने अशर्फी देवी कन्या इंटर कालेज से इस वर्ष इंटर की परीक्षा देकर ड्राईग और संगीत में सर्वोच्च अंक हासिल करके अपनी मां निशि माहेश्वरी और स्कूल टीचर को धन्यबाद दिया है। 12 वीं कक्षा में फर्स्ट डिवीजन लाने वाली देवनागरी इंटर कालेज की छात्रा कशिश पुत्री सुशील कुमार के अलवा इसी विधालय की छात्रा अंजली पुत्री शरद कुमार ने भी सर्वोत्तम अंको से परीक्षा उतीर्ण करते हुए अंग्रेजी एवं कला विषय में रिकार्ड अंक पाकर आगामी शैक्षिक भविष्य की राह आसान की है।इस छात्राओं की विशेष सफलता पर विधालय परिवार एवं परिजन खुशी से गदगद हैं।

## प्रदेश में नौवें स्थान पर रहे बिल्सी बीडीवी के रोहित चौहान

**भविष्य में वह इंजीनियर बनना चाहते है**



अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी निवासी एवं पूर्व प्रधान रही अंजलि चौहान के पुत्र रोहित कुमार चौहान ने अपनी कड़ी मेहनत कर इस बार यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन सूची में नौवा स्थान एवं जिले की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर अपने परिवार और कॉलेज का गौरव बढ़ाने का काम किया।

रोहित चौहान ने बताया कि वह बिल्सी नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज के छात्र है। उन्होंने 600 में से 582 अंक पाए है। जिसमें सबसे अधिक गणित में 99 फीसदी अंक हासिल किए है। वह भविष्य में इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते है। उन्होंने बताया कि वह कॉलेज में नियमित पढ़ने के लिए प्रतिदिन जाते थे और करीब छह घंटे अध्ययन करते थे। उनके परिवार में उनकी माता अंजलि चौहान के अलावा दादा राजेंद्र सिंह चौहान है। दोनों लोग गांव के प्रधान रह चुके है। इसके अलावा उनके दो बड़ी बहन है। उनके पिता भुवेंद्र सिंह चौहान का विगत 2023 में कैंसर पीड़ित रहते हुए निधन हो गया था। जिसमें सबसे बड़ी बहन सपना चौहान बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय से एमएड की पढ़ाई कर रही है। उससे छोटी बहन डेजी चौहान कानपुर के मेडीकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। तीनों बहन-भाई ने इसी कॉलेज में पढ़ाई की है। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने सभी शिक्षको, कालेज के प्रबंधक सुरेश बाबू गुप्ता एवं प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा को देते है। उनकी सफलता से उनकी दादा राजेंद्र सिंह और मां अंजलि समेत गांव में खुशी का माहौल है।

## तहसील परिसर में किसान ने तेल छिड़ककर आग लगा ली

**आकस्मिक हादसे के बाद अफरातफरी के बीच पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया, प्रशासन ने कहा कि पीड़ित के पक्ष में फसल काटने का आदेश हो चुका था**




अमर प्रभात संवाद

**बिसौली।** क्षेत्रीय एक किसान की भूमि सम्बन्धी विवाद कोर्ट में विचारित चल रहा है। इस मामले में खेत में खड़ी फसल पर स्वामित्व को लेकर काफी समय पीड़ित किसान तहसील के चक्कर लगा रहा था।जिसने शनिवार को किसान नेताओं के साथ तहसील परिसर पहुंचकर अचानक अपने ऊपर पैट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया।इस आकस्मिक घटना के कारण मौके पर अफरा-तफरी मच गयी।सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने किसान को अस्पताल में भर्ती कराया है। अवगत करादें कि थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम थानपुर निवासी ओंमकार सिंह शनिवार को कुछ लोगो के साथ तहसील में पहुंचा था।जहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारियों पर दबाव बनाने की उद्देश्य से ओमकार सिंह ने अचानक अपने ऊपर पैट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया।किसान द्वारा आत्मदाह के प्रयास की घटना से स्टाफ में हडकंप मच गया।मौके पर अफरातफरी मच गयी।इस दौरान सूचना पाकर पुलिस दल मौके पर पहुंचा जिसने किसान ओमकार को जैसे-तैसे काबू में करके उसे अस्पताल लेजाकर प्राथमिक उपचार दिलाया।इस घटनाक्रम के दौरान किसान के पक्ष में भाकियू खालसा गुट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बताये गये।जिन्होनेओम्कार की तरफ से तहसील स्टाफ पर जमीन के दाखिल खारिज तथा आदेश के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया।हालाकि इस संबंध में तहसीलदार वीके शुक्ला का कहना रहाकि किसान द्वारा रुपए लेने का जो आरोप लगाया है, वह बिल्कुल निराधार है।उन्होंने बताया शुक्रवार को भी इसी किसान ने संभल में केरोसिन डालकर आत्मदाह की कोशिश की थी।तहसीलदार श्री शुक्ला का कहना हैकि एक भूमि विवाद तीन पार्टियों के मध्य चल रहा है।जोकि सिविल न्यायालय में विचाराधीन है।इसी विवादित जमीन पर खड़ी फसल को पीड़ित किसान के पक्ष में काटने का आदेश दे दिया गया है। और पुलिस फोर्स को भी सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।किन्तु शनिवार को बेवजह बखेड़ा खड़ा किया गया ।इस आत्मदाह घटनाक्रम के दौरान किसान यूनियन खालसा के राष्टीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष लखन सिंह, किसान यूनियन खालसा की युवा शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष शिवम यादव मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**म्याऊं।** थाना उसावां क्षेत्र के ग्राम अस्थरमई में देर रात एक युवती ने फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। बताते है गोविंद पुत्र हरदयाल निवासी अस्थरमई के भाई पप्पू आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था तो उस झगड़े में पत्नी मिथलेशा भी बीच में आ गई थी। तो इसी बात को लेकर आपसी कलह हुआ और मिथलेशा ने कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। इधर, थाना उसावां पुलिस खबर मिलते ही मौके पर पहुच गई और शव का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### महिला पर फब्ती कसने से दो पक्षों में लात-घूंसे चले

**फैजगंज बेहटा ।** कस्बे में रामनवमी उत्सव के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय मेले में एक शोहदे ने महिला पर फब्ती कस दी। महिला के विरोध करने पर शोहदे ने अपने साथी बुला लिये। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चलने से कई लोग घायल हो गए।पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराया है।बतादें कि क्षेत्रवासी एक महिला अपने पति के साथ इस रामनवमी मेले में हाथ पर अपना नाम गुदवा रही थी। इसी बीच एक शोहदे ने महिला पर फब्ती कस दी।जिस पर महिला आक्रोशित हो गई।जानकारी होने पर पति ने आरोपी युवक को पकड़ लिया। जिसके बाद मारपीट होने मामला तूल पकड़ गया।इस बारे में एसओ वेदपाल सिंह ने बताया घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया हैं। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।